RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

अमित रेखा

वर्ष 05 अंक 64 कुशीनगर शनिवार 02 जनवरी, 2021 पृष्ठ 8 मूल्य 1 रूपये

प्रधानमंत्री ने किया लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास, बोले...

देश का फोकस गरीब की जरूरतों पर



“जब किसी को घर की चाबी मिलती है तो सम्मान भरे जीवन का द्वार खुलता है। मकान का मालिकाना हक मिलता है तो बचत का द्वार खुलता है। एक नई पहचान का द्वार खुलता है। घर की चाबी लोगों के विकास का द्वार भी खोल रही है।”

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भोपाल,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए साल के पहले दिन इंदौर में बनने वाले महत्वाकांक्षी लाइट हाउस प्रोजेक्ट (एलएचपी) का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। झझ जो लोग हमारे मजदूर के सामर्थ्य को स्वीकार नहीं करते थे कोरोना ने उन्हें स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया। शहरों में हमारे श्रमिकों को उचित किराए पर मकान उपलब्ध नहीं होते हैं। हमारे श्रमिक गरिमा के साथ जीवन जिये ये हम सब देशवासियों का दायित्व है। इसी सोच के साथ सरकार उद्योगों के साथ और दूसरे निवेशकों के साथ मिलकर उचित किराए वाले घरों का निर्माण करने पर बल दे रही है और कोशिश ये भी है कि जहां वो काम करते हैं उसी इलाके में उनका मकान हो। देश का रियल एस्टेट सेक्टर निरंतर मजबूत हो इसके लिए सरकार की कोशिश लगातार जारी है। मुझे विश्वास है कि हाऊसिंग फॉर ऑल का सपना जरूर पूरा होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन पर होने वाला निवेश और विशेषकर हाउसिंग सेक्टर पर किया जा रहा खर्च अर्थव्यवस्था में वितबम multiplier का काम करता है। इतनी बड़ी मात्रा में स्टील, सीमेंट, कंस्ट्रक्शन मैटीरियल का लगना पूरे सेक्टर को गति देता है। पिछले साल कोरोना संकट के दौरान ही एक और बड़ा कदम भी उठाया गया है। ये कदम है ।ाििवतकंइसम तमदजंस ीवनेपदह बवउचसम• योजना। इस योजना का लक्ष्य हमारे वो श्रमिक साथी हैं, जो एक राज्य से दूसरे राज्य में या गांव से शहर में आते हैं। इन घरों की चाबी से कई द्वार खुल रहे हैं। घर की चाबी हाथ आने से सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन का द्वार खुलता है। इससे एक आत्मविश्वास आता है। ये चाबी उनकी प्रगति का द्वार भी खोल रही है हाऊसिंग फॉर ऑल इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जो चौतरफा काम किया जा रहा है, वो करोड़ गरीबों और मध्यम वर्ग परिवारों के जीवन में परिवर्तन ला रहा है। ये घर गरीबों के आत्मविश्वास को बढ़ा रहे हैं। ये घर देश के युवाओं का सामर्थ्य को बढ़ा रहे हैं। लोगों के पास अब RERA जैसे कानून की शक्ति भी है। RERA ने लोगों में ये भरोसा लौटाया है कि जिस प्रोजेक्ट में वो पैसा लगा रहे हैं, वो पूरा होगा, उनका घर अब फसेंगा नहीं। आज देश में लगभग 60 हजार रियल एस्टेट प्रोजेक्ट RERA के तहत रजिस्टर्ड हैं। इस कानून के तहत हजारों शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। सरकार के प्रयासों का बहुत बड़ा लाभ शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग को हो रहा है। मध्यम वर्ग को अपने घर के लिए एक तय राशि के होम लोन पर ब्याज में छूट दी जा रही है। कोरोना संकट के समय भी सरकार ने होम लोन पर ब्याज पर छूट की विशेष योजना शुरु की। गरीबों को मिलने वाले घर के साथ–साथ दूसरी योजना को भी एक पैकेज की तरह जोड़ा गया है। गरीब को जो घर मिल रहे हैं, उसमें पानी, बिजली, गैस, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। शहर में रहने वाले गरीब हों या मध्यम वर्ग, इन सबका सबसे बड़ा सपना होता है, अपना घर। वो घर जिसमें उनकी खुशियां, सुख–दुख, बच्चों की परवरिश जुड़ी होती हैं। लेकिन बीते वर्षों में लोगों का अपने घर को लेकर भरोसा टूटता जा रहा था। घरों की कीमतें इतनी ज्यादा हो गईं थी।

गोरखपुरवासियों के लिए नया साल उम्मीदों से भरा है। इस साल तमाम विकास कार्य मूर्त रूप लेंगे। गोरखपुर जिला चिकित्सा, शिक्षा के साथ विकास का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। चिड़ियाघर जल्द ही आम जनता के लिए खुल जाएगा। खाद का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

नए साल के अवसर पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 416 लोगों पर दर्ज हुआ मामला

ठाणे,(एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में नए साल के जश्न के मौके पर शराब पीकर वाहन चला रहे 416 लोगों पर पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। वहीं 200 उन लोगों पर भी मामले दर्ज हुए हैं, जो नियम का उल्लंघन करने वाले चालकों के साथ थे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त (यातायात) बालासाहेब पाटिल ने बताया, ‘‘कुल 623 लोग शराब के नशे में पाए गए। इनमें से 416 शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए गए तथा बाकी 207 उन चालकों के साथ थे। उन पर अपराध के लिए उकसाने के संबंध में मामले दर्ज हुए हैं।’’ उन्होंने बताया कि इन वाहनों में से 400 से ज्यादा दोपहिया वाहन हैं। उन्होंने बताया कि भिवंडी के नारपोली यातायात डिविजन में इनमें से 107 मामले दर्ज हुए।



जम्मू के परिम्पोरा में हुई मुठभेड़ को महबूबा मुफ्ती ने बताया फर्जी, निष्पक्ष जांच की मांग की

श्रीनगर,(एजेंसी)। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में दो दिन पहले हुई कथित फर्जी मुठभेड़ में तीन युवकों के मारे जाने के मामले में शुक्रवार को निष्पक्ष जांच और शवों को युवकों के परिवारों को सौंपने की मांग की। मुफ्ती ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को पत्र लिखकर कहा कि ऐसी घटनाओं से सशस्त्र बलों की ‘‘बदनामी’’ होती है और यह मानवाधिकार का ‘‘गंभीर उल्लंघन’’ है। उन्होंने कहा, ‘‘मुझे यकीन है कि आप 30 दिसंबर को परिम्पोरा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से अवगत हैं। तीन लड़के मारे गए, उसमें एक की उम्र 17 साल थी। परिवारवालों का आरोप है कि यह सुनियोजित मुठभेड़ थी।’’ पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ‘‘इस मुठभेड़ पर भी सवाल उठ रहे हैं और पुलिस तथा सेना की तरफ से विरोधाभासी रिपोर्ट आयी है। त्वरित कार्रवाई होने पर ही इंसाफ होगा और इसलिए मैं आपसे इस मामले में तुरंत निष्पक्ष जांच शुरू करवाने का आग्रह करती हूं।’’ पुलिस ने बुधवार को दावा किया था परिम्पोरा इलाके में देर रात मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए, लेकिन मारे गए युवकों के परिजनों ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में वे संलिप्त नहीं थे और उनमें से दो छात्र थे।

सीएम योगी बोले– गरीबों के आवास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा लाइट हाउस प्रोजेक्ट

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शहरी गरीबों को टिकाऊ और आपदारोधी आवास उपलब्ध कराने में उत्त्तर प्रदेश सरकार को सफलता मिली है और इस दिशा में लाइट हाउस प्रोजेक्ट्ट मील का पत्त्थर साबित होगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्त्तर्गत अवध बिहार योजना, शहीद पथ, लखनऊ में 131 करोड़ रुपये की लागत की परियोजना लाइट हाउस प्रोजेक्ट्ट (एलएचपी) के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना का ऑन लाइन शिलान्यास किया। देश में छह राज्यों में ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चौलेंज इंडिया (जीएचटीसी इंडिया) की नींव और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के वितरण कार्यक्रम में दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद पथ स्थित अवध विहार योजना में प्रस्तावित प्रोजेक्ट से लाइव जुड़े। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया। उन्ह्होंने कहा कि सबके लिए आवास की इस योजना में शहरी क्षेत्र में उत्त्तर प्रदेश में अब तक 17 लाख 58 हजार परिवारों को एक–एक आवास आवंटित किया गया है जिसमें छह लाख 15 हजार आवास पूर्ण होकर गरीब परिवारों को उपलब्ध कराये जा चुके हैं और 10 लाख 80 हजार आवास निर्माण की प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं। उन्ह्होंने कह्हा कि यह परियोजना पूरी प्रतिबद्धता और समयबद्धता के साथ आवासहीन गरीबों को आवास उपलब्ध्ध कराने में सफल हुई है। यह टिकाऊ और आपदारोधी तकनीक से बन रही है। एलएचपी के लिए उत्त्तर प्रदेश का चयन मॉडल के रूप में किया गया है। सरकारी प्रवक्त्ता ने बताया कि लखनऊ में पांच टावर्स में 14 मंजिल में कुल 1040 आवासों का निर्माण किया जाएगा जो अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और भूकंपरोधी होंगे। प्रवक्त्ता के मुताबिक लखनऊ के 1040 शहरी गरीबों को मात्र पौने पांच लाख में 415 वर्गफुट एरिया का फ्लैट अगले साल सौंपा जाएगा। इसकी कीमत 12 लाख 59 हजार होगी, इसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से सात लाख 83 हजार रुपये अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। शेष धनराशि चार लाख 76 हजार ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थी को देने होंगे।

टीएमसी को वाम–कांग्रेस गठबंधन की चुनौती

चुनाव से पहले बहुमत सिद्ध करें ममता बनर्जी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी कई मुश्किलों से घिरी हुई हैं। एक ओर जहां भाजपा उनके सामने मजबूत चुनौती पेश कर रही है तो वहीं कांग्रेस और वाम मोर्चा ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वाम–कांग्रेस गठबंधन ने ममता सरकार के सामने एक और बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। दरअसल, इस गठबंधन ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी बहुमत साबित करें। यह मांग किसी और की नहीं बल्कि विधानसभा में नेता विपक्ष अब्दुल मन्नान की है। वाममोर्चा के एक और नेता ने कहा कि अगर चुनाव से पहले विश्वास मत के लिए अधिवेशन नहीं बुलाया जाता तो उनकी पार्टी आंदोलन कर सकते हैं। हालांकि पश्चिम बंगाल चुनाव में अभी भी तीन चार महीने बचे हुए हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर विपक्ष लगातार दबाव बनाने में जुट गया है। इसका सबसे बड़ा कारण तो यह है कि टीएमसी फिलहाल अंदरूनी कलह से जूझ रही है। कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं और कई नाराज चल रहे हैं। यही कारण है कि फिलहाल तृणमूल कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व असहज महसूस कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस पर इसी दबाव को देखते हुए विपक्षी दल लगातार उस पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस और वाम मोर्चा के गठबंधन को उम्मीद है कि जब विश्वास मत के लिए वोट डाले जाएंगे तो टीएमसी के कई विधायक ममता बनर्जी के खिलाफ जा सकते हैं। अब्दुल मन्नान ने कहा कि टीएमसी के कितने विधायक पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं।

किसानों को भड़काने की बजाय हमारी सकारात्मक पहल का स्वागत करे भाजपा: गहलोत

जयपुर,(एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई पर बिजली के मुद्दे पर किसानों को भड़काने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं ने अपना राजनीतिक हित साधने के लिए किसानों को भड़काया और सभी स्टेशनों पर किसानों से धरने दिलवाए। अगर प्रदेश भाजपा के नेता किसानों को लेकर इतने ही चिंतित हैं तो वे अपने केंद्र के नेताओं को सलाह दें कि वे दिल्ली में धरना दे रहे किसानों की मांगों को माने जो तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे है। गहलोत ने कहा कि ‘सर्दी में एक महीने से धरना देने के कारण 40 किसान भाइयों की मौत दिल्ली में हो चुकी है।’ मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को ठंड के दिनों में रात्रि में खेतों की सिंचाई करने में तकलीफ होती है। इसलिए राजस्थान सरकार ने फैसला करके यह तय किया कि किसानों को सिंचाई हेतु दिन में थ्री फेज बिजली उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए बजट में घोषणा की गई कि 1 अप्रैल 2023 तक तीन चरणों में राज्य के सभी जिलों में दिन में थ्री फेज बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए सरकार ने आधारभूत ढांचे को विकसित करने का काम भी शुरू किया। एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों में देखा गया है कि कई जगहों पर भाजपा नेताओं ने अपना राजनीतिक हित साधने के लिए किसानों को भड़काया और सब.स्टेशनों पर किसानों से धरने दिलवाए। गहलोत ने कहा कि दबाव के कारण कुछ जिलों के अधीक्षण अभियंताओं ने अपने स्तर पर फैसला कर बिना बुनियादी ढांचे के दिन में बिजली उपलब्ध कराने की कोशिश की। इससे पूरे बिजली सिस्टम में गड़बड़ी आ गई और विद्युत आपूर्ति में समस्या आ गई।

यूपी गेट पर बागपत के रहने वाले किसान की हार्ट अटैक से मौत

नई दिल्ली। ,(एजेंसी)। दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का आंदोलन आज 37वें दिन भी जारी है। केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को लेकर गतिरोध अब भी बरकरार है। कानूनों को रद्द कराने पर अड़े किसान इस मुद्दे पर सरकार के साथ आर–पार की लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं। किसानों ने सरकार से जल्द उनकी मांगें मानने की अपील की है। वहीं सरकार की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि कानून वापस नहीं होगा, लेकिन संशोधन संभव है। ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार सितम्बर में पारित किए तीन नए कृषि कानूनों को कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार के तौर पर पेश कर रही है, वहीं प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आशंका जताई है कि नए कानूनों से एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) और मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी और वे बड़े कॉरपोरेट पर निर्भर हो जाएंगे। गाजीपुर रू यूपी गेट बॉर्डर पर आज एक किसान गल्तान सिंह पंवार (57) की मौत हो गई। वह गांव भगवानपुर नागल, जिला बागपत के रहने वाले थे। गल्तान सिंह आंदोलन में शुरू से ही शामिल थे। मौत की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। तबीयत खराब होने पर आज उन्हें अस्पताल लेकर गए थे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गाजीपुर रू नए कृषि कानूनों के खिलाफ यूपी गेट पर जारी किसान आंदोलन में किसानों के बीच पहुंचे रालोद नेता जयंत चौधरी, राकेश टिकैत के साथ की वार्ता। गाजीपुर रू भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि कृषि कानून वापसी और डैच पर कानून की मांग कायम है। 4 जनवरी को होने वाली बैठक में फिर वार्ता होगी। सरकार ने पिछली बैठक में अनुरोध किया कि 4 में से 2 मांग मान ली गई हैं इसलिए धरना समाप्त कीजिए, लेकिन किसानों ने मना कर दिया। आज फिर किसान संगठनों की बैठक है। नई साल है, इसलिए नई उम्मीदें हैं। 2020 पूरे देश पर भारी रहा, लेकिन उम्मीद है कि नए साल से किसानों और देशवासियों की समस्याएं दूर होंगी। सरकार को कानून वापस लेने होंगे। डैच पर कानून भी बनाना होगा। पूरे देश का किसान देख रहा है।

कि दिल्ली के धरने में क्या हो रहा है और क्या होगा। 4 जनवरी को होने वाली बैठक में कानूनों की वापसी और एमएसपी पर कानून बनाने पर चर्चा होगी। आज सभी लोग विधिवत रूप से इस पर चर्चा करेंगे कि पहले हुई।

नूतन वर्ष आगमन पर सोहनरिया में बांटा कंबल व निशुल्क दवा

अमित रेखा तरकुलवा/देवरिया। देवरिया जिला के अंतर्गत विकासखंड तरकुलवा के सोहनरिया गांव के समाजसेवी प्रमोद कुमार गुप्ता और उनकी माताजी उषा देवी के सौजन्य से 1 जनवरी का शुभारंभ गरीबों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दवा वितरण व गरीबों में कंबल वितरण करके किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गन्ना अधिकारी शारदा सिंह प्रधानाचार्य बैरिस्टर शर्मा, कन्हैया राव ,आदि लोग रहे कार्यक्रम के सहयोगी में जय किशन गुप्ता सचिदा सिंह आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संबोधन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया साथ में सब का आभार प्रकट करते हुए प्रमोद गुप्ता जी स्वागत भी किए मंच का संचालन चंद्रेश पांडेय द्वारा किया गया।

स्वस्थ शरीर में ही होता है स्वस्थ मस्तिष्क का विकास

'अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव'

ब्यूरो गोरखपुर। गोरखपुर के गगहा विकास खण्ड के ग्राम भटौरा स्थित सावित्री राममुरारी पांडेय इंटर कालेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण के प्रथम दिन मुख्य अतिथि प्रबन्धक नागेन्द्र प्रसाद पांडेय ने स्काउट का झंडा फहराय। श्री पांडेय ने स्काउट गाइड प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आपके स्वस्थ्य के लिए लाभप्रद है। जब स्वस्थ रहेंगे तो आप का मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा। जब मस्तिष्क स्वस्थ होगा तो आप की सोच भी अच्छी होगी। प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद गोरखपुर के प्रशिक्षक राजू मौर्या व्दारा दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को झंडा बाधना, फराना व स्काउट की प्रार्थना सिखाया। प्रधानाचार्य राकेश मोहन पांडेय ने आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर हरींद्र भारती, दीन बन्धु पाण्डेय,दीपक पांडेय,दिवाकर मौर्य,मनीष पाण्डेय, श्री मती सुप्रिया पांडेय, किरन यादव आदि मौजूद रहे।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी आदरणीय

अमिट रेखा मण्डल अयोध्या। रघुराज प्रताप राजा भैया प्रदेश सचिव माननीय मीता सिंह हनुमान जी महाराज से सभी देशवासियों के लिए प्रार्थना करके आशीर्वाद महाबली सदैव सब पर कृपा बनाए रखें इस अवसर पर मणिराम दास छावनी श्री नृत्य गोपाल दास महाराज जी की स्वस्थ होने की कामना करते हुए महाराज की कृपा सदैव बनी रहे।

जिला बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट अमेठी के नवनिर्वाचित अधिवक्ता पदाधिकारियों को डीएम व एसपी ने दिलाई शपथ।'

अमिट रेखा अमेठी ब्यूरो'

आज जिला बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट अमेठी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकरन तिवारी एडवोकेट एवं सचिवध्महामंत्री राकेश शुक्ला एडवोकेट सहित अन्य पदाधिकारियों व अधिवक्तागणों को जिलाधिकारी अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह व प्रशांत सिंह अटल सदस्य बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जिला बार एसोसिएशन के सभागार में शपथ दिलाई। शपथ समारोह में जिलाधिकारी ने अधिवक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने पदों के दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें जन सामान्य से संबंधित राजस्व वादों की सुनवाई शीघ्रता से कराए जाने हेतु प्रेरित किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व अन्य अधिवक्तागणों द्वारा भी जिलाधिकारी महोदय को राजस्व न्यायालय के संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा, उप जिलाधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्य सहित अन्य अधिकारी व अधिवक्तागणों में जनार्दन प्रसाद शुक्ल, महेश चंद्र शुक्ला, मनोदत्त त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, भोला नाथ मिश्रा, हनुमान दत्त त्रिपाठी, राम शंकर तिवारी, शैलेश शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, उमा शंकर पांडे, मथुरा प्रसाद दुबे, प्रवीण मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा, संतोष शुक्ला, मोहम्मद इस्लाम, श्री राम सरोज, रामचंद्र मौर्य, दिनेश त्रिपाठी सहित समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे।

नगर पंचायत बृजमनगंज के बाजार में देर रात अज्ञात चोरों द्वारा शटर तोड़कर की गई चोरी, अज्ञात चोरों द्वारा हुआ मुकदमा दर्ज

'अमिट रेखा से मुनीर आलम(राजन)

बृजमनगंज महराजगंज। जनपद महराजगंज थाना क्षेत्र बृजमनगंज एक कस्बे में देर रात बालाजी रेडीमेड शॉप की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा लगभग ध7000 नकदी व 50 से ध60 हजार रुपए के कीमती सामान की चोरी हो गई घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बृजमनगंज थाने के सब इंस्पेक्टर उमाकांत सरोज कांस्टेबल के साथ पहुंचकर जायजा लिया मौके पर जनप्रतिनिधि राकेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, दिलीप चौधरी, पहुंचे उन्होंने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द खुलासे की मांग की बृजमनगंज के व्यापारियों में इस घटना को लेकर काफी रोष दिखाई दिया इस समय इस संबंध में पीड़ित सनी जासवाल ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय दुबे ने मीडिया को बताया कि इस प्रकार का मामला संज्ञान में आया है।

यूपी के गोरखपुर का हैरान करने वाली गांव जहां नहीं मनाया जाता नया साल, हैरान करने वाली है वजह

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह खजनी गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक ऐसा गांव है, जहां नया साल नहीं मनाया जाता। इसकी वजह भी हैरान करने वाली है। यहां बीते चार साल से दिसंबर के अंतिम सप्ताह में कोई न कोई काल के गाल में समा जाता है। ऐसे में लोग नया साल आने पर दुखी रहते हैं। यह गांव कैंट इलाके का वार्ड नंबर एक भैरोपुर है। जानकारी के अनुसार, यह सिलसिला दिसंबर 2016 में शुरू हुआ, जब गांव में रामलीला का मंचन हो रहा था। इसी दौरान यहां रामलीला देखने आए युवक विजय पासवान की गांव के ही लोगों से मारपीट में गई। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती किया गया और 29 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। गांव वालों ने रामलीला का मंचन बिना रावण दहन के ही रोक दिया। उस दिन के बाद से आज तक गांव में रामलीला नहीं हुई। 2017 दिसंबर में गांव के ही सोनू पासवान कुशीनगर से आते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं इसके बाद 2018 दिसंबर में एक मछली विक्रेता की रानीडीहा चौराहे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके दो दिन बाद ही गांव के ही एक और मछली विक्रेता की हत्या करके शव रामगढ़ताल के किनारे फेंक दिया गया था।

गोरखपुरजं०
GORAKHPUR JN.

आगे पढ़ें

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होती है घटना

आपकी राय हमारे लिए महत्वपूर्ण है। खबरों को बेहतर बनाने में हमारी मदद करें।

नेहरू युवा केन्द्र ने राष्ट्रीय जल मिशन शपथ का लिया संकल्प

अमिट रेखा – दुर्गेश कुमार यादव

धानी– महराजगंज। धानी क्षेत्र जनपद महराजगंज में नेहरू युवा केन्द्र महराजगंज (उ० प्र) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेहरू युवा केन्द्र महराजगंज की जिला युवा समन्वयक सुश्री सीमा पाण्डेय महोदया एवं लेखालिपिक श्री विरेन्द्र प्रताप सिंह जी दिशानिर्देशन में और धानी ब्लाक के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक (एन०वाई०वी) दुर्गेश कुमार यादव एवं शीला यादव के नेतृत्व में नेहरू युवा मण्डल बरडाड़ में राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल शपथ पानी बचाने और उसके विवेक पूर्ण उपयोग व पानी के बूंद बूंद जल संचय जल समुचित उपयोग करेंगे और अपने पड़ोसियों को भी जल का संचय करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया धानी ब्लाक की एन०वाई०वी शीला यादव ने बताया कि राष्टीय जल मिशन के विशेषताओं को इस प्रकार वर्णित किया गया है 'राष्ट्रीय जल मिशन इस प्रकार आयोजित किया जाएगा ताकि जल संरक्षण, जल के अपव्यय को कम करने, और राज्यों तथा राज्यों के बीच जल का अधिक समीकृत वितरण सुनिश्चित करने हेतु समेकित जल संसाधन प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। यह मिशन राष्ट्रीय जल नीति के प्रावधानों का ध्यान रखेगा और विभिन्न पात्रता और मूल्य के साथ नियामक तंत्रों के माध्यम से 20 प्रतिशत तक जल उपयोग कुशलता को बढ़ाकर जल के अनुकूलतम प्रयोग हेतु एक ढांचा तैयार करेगा। और एन०वाई०वी दुर्गेश कुमार यादव ने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि राष्ट्रीय जल मिशन के शपथ लेने और उसका पालने करने के लिए भी प्रेरित किया और राष्ट्रीय जल मिशन से यह भी अपेक्षा की जाती है कि यह अपशिष्ट जल के पुनरूपयोग ध्पुनर्चक्रण के माध्यम से शहरी क्षेत्रों की जल की आवश्यकताओं का उपयुक्त भाग सुनिश्चित करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि जल के उपयुक्त वैकल्पिक स्रोतों सहित तटीय शहरों की अपेक्षाओं को उन निम्न ताप विलवणीकरण प्रौद्योगिकियों जिन से समुद्र के जल का उपयोग हो सके जैसी नई और उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को अपनाकर पूरा किया जा सके। इसके अलावा, प्रधान मंत्री ने जनवरी 2015 में पीएमसीसीसी में यह निर्देश दिया है की सतही जल एवं भूजल के साथ–साथ अपशिष्ट जल आयाम (डाइमैन्शन) को भी राष्ट्रीय जल मिशन के शासनादेश (मंडेट) में शामिल किया जाये जिससे की जल प्रबंधन की एक समेकित योजना बने। इस अवसर पर एन० वाई० वी दुर्गेश कुमार यादव एवं शीला यादव के साथ – साथ युवा मण्डल के विनय, शेषनाथ, कुलदीप, पिन्टू, शिवेन्दर, विपिन, संदीप, प्रदीप, आशीष, रविकान्त, मोनू, आदित्य अशोक यादव, अंगेश्वर यादव, वृजेश, आदित्य, पन्नेलाल, अरविन्द, जितेन्द्र, इत्यादि सदस्यगण उपस्थिति रहे।

प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक–युवतियों के आर्थिक उत्थान के लिए संचालित की विभिन्न योजनाएं।

अमिट रेखा अमेठी ब्यूरो–

जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के आर्थिक उत्थान हेतु उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की गई हैं। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना में अपना रोजगार संचालन हेतु न्यूनतम रुपए 20000 एवं अधिकतम रुपए 1500000 परियोजना लागत के अनुसार कृषि एवं अकृषि क्षेत्र की परियोजनाओं में बैंक के सहयोग से ऋण प्रदान किया जाता है, योजना अंतर्गत रुपए 10000 शासकीय अनुदान एवं परियोजना लागत का 25: मार्जिन मनी ऋण 4: वार्षिक ब्याज दर पर निगम द्वारा तथा शेष धनराशि बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाती है। नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना में अपनी स्वयं की व्यवसाय एवं विकसित स्थल पर उपलब्ध भूमि पर दुकान निर्माण कराने हेतु रुपए 78000 की लागत निर्धारित है योजना अंतर्गत रुपये 10000 शासकीय अनुदान तथा रुपए 68000 की धनराशि सीधे विभाग द्वारा ब्याज मुक्त ऋण के रूप में लाभार्थी को बैंक खाते के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है, ब्याज मुक्त ऋण की अदायिगी 120 मासिक किश्तों में 10 वर्षों में की जाती है। अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए लॉन्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना जिसकी लागत रुपये 2.16 एवं 1 लाख निर्धारित है योजना अंतर्गत रुपए 10000 शासकीय अनुदान तथा रुपए 2.06 अथवा 0.90 लाख की धनराशि सीधे विभाग द्वारा ब्याज मुक्त ऋण के रूप में लाभार्थी को बैंक खाते के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है ब्याज मुक्त ऋण की अदायगी समान मासिक किस्तों में 5 वर्षों में की जाती है। टेलरिंग शॉप योजना में अनुसूचित जाति के युवकध युवतियों को उद्यमी बनाकर स्वावलंबी बनाया जाने हेतु जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनपद के व्यक्तियों को इस नवीन योजना से आच्छादित किया जाएगा, समाज कल्याण विभाग द्वारा परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को वरीयता प्रदान किया जाएगा, योजना की अधिकतम परियोजना लागत रु 20,000 है, जिसमें ध10000 अनुदान तथा शेष धनराशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष केंद्रीय सहायता से दी जाएगी ऋण की अदायगी 36 समान मासिक किस्तों में 3 वर्षों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त योजना अंतर्गत ऋण प्राप्त किए जाने हेतु लाभार्थी अनुसूचित जाति का व्यक्त हो, गरीबी रेखा की सीमा ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम आय पर 46080 तथा शहरी क्षेत्र में रुपए 56460 होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थी अपने संबंधित विकासखंड में कार्यरत सहायकध ग्राम विकास अधिकारी एवं नगर पालिकाध्नगर पंचायत क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)ध्पदेन जिला प्रबंधक, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड विकास भवन गौरीगंज अमेठी के कार्यालय कक्ष सं– 8 एवं 9 में एवं संबंधित विकासखंड में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करने हेतु विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नंदीग्राम भरतकुंड अयोध्या प्रतिदिन होता है रामचरितमानस का पाठ

अमिट रेखामण्डल प्रभारी–

अयोध्या। अनंत श्री विभूषित परम पूज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 108 महंत श्री नृत्य गोपाल दास महाराज जी मणिराम दास छावनी अयोध्या श्री श्री 108 कमल नयन दास जी शास्त्री महाराज मणिराम दास छावनी श्री अवधेश दास जी महाराज श्री अवध अंग ज्ञान विद्यालय अयोध्या संत श्री परमात्मा दास जी महाराज प्राचीन गुफा एवं सीताराम संकीर्तन दो स्थापक श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर नंदीग्राम मणिराम दास छावनी गुरु महाराज के सानिध्य से कपिल देव दुबे जी श्री अयोध्या प्रसाद दुबे श्री प्रवेश पांडे बाल व्यास पंडित संपूर्णानंद तिवारी नीतू पांडे रमेश चंद पांडे राहुल तिवारी आज भक्त मौजूद 2 वर्ष पूर्ण होने वाला है श्री राम कीर्तन का निरंतर 24 घंटे चलता है बहुत ही अद्भुत अलौकिक स्थान है 12 वर्ष निरंतर चलता ही रहेगा।



नव वर्ष पर लोगों में दिखा उत्साह एक दूसरे को देते रहे बधाई

अमिट रेखा इमरान अंसारी

मेहरौना लार। 2020 चुनौतियों भरा रहा कोरोनावायरस पूरे विश्व को झकझोर दिया विश्वव्यापी लाक डाउन में लोगों को बेरोजगार कर दिया धीरे धीरे आम जीवन पटरी पर आना शुरू हो गया और लोग कोविड–19 महामारी से उबरते हुए फिर से नई उम्मीदों के साथ अपने रोजगार में लग गए वही आज 2021 का लोगों में एक अलग उत्साह दिखा लोग एक दूसरे को बधाई देते नजर आए इस उम्मीद और विश्वास के साथ 2021 सकुशल और अच्छा गुजरेगा सभी लोग एक दूसरे से मिलकर नव वर्ष की बधाई देते रहे नई उम्मीदों और नई विश्वास के साथ जिंदगी की शुरुआत करना है एक दूसरे से मिलकर खुशियां बांट रहे हैं और 2021 की बधाई दे रहे हैं

गेहू के खेत में मिला युवक का शव

अमिट रेखा मण्डल/अयोध्या। इलाके में मच गया हड़कम्प शव की नही हो सकी पहचान, ग्रामीणों की चर्चा रही सुबह में टहल रहा था युवक , वही बातचीत में उसकी भाषा नहीं समझ पा रहे थे ग्रामीण, जिसके चलते गैर राज्य का होने की जताई जा रही थी आशंका। ग्रामीणों की सूचना पर पहुची इलाकाई पुलिस ने शव को लिया कब्जे में, मामले की जांच में जुटी। कंधई कोतवाली के ओझला प्राइमरी स्कूल के पास यह मामला हुआ।

दुकान के बाहर शराब पीने से मना किया तो कर दी फायरिंग

'अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव'

'ब्यूरो गोरखपुर। गोरखपुर जिले के बड़हलगंज इलाके के अंबे चित्र मंदिर के सामने दिनदहाड़े फायरिंग कर दबंगों ने दहशत और अफरा तफरी फैला दी। बताया जा रहा है कि एक दुकानदार ने कुछ युवकों को रात में दुकान के बाहर शराब पीने से मना कर दिया था जिससे नाराज होकर अपने साथियों के साथ उसने दुकान पर पहुंचकर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गोला मोहल्ला निवासी ऋषिकेश पासवान ने तहरीर दी है कि बृहस्पतिवार की रात साढ़े आठ बजे अपने घर में स्थित रेडीमेड वस्त्र की दुकान पर बैठे थे। उसी समय कस्बे के पुरानी हनुमानगढ़ी मुहल्ला के रहने वाला एक व्यक्ति मेरी दुकान के सामने आकर शराब पीने लगा। मना करने पर वह गाली गलौज के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए विवाद करने के साथ जानमाल की धमकी देने लगा। अगल बगल के कुछ लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। शुक्रवार को दिन मे उक्त व्यक्ति अपने भाई व अन्य लोगों के साथ आए मेरी दुकान पर पहुंचकर जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से असलहे से तीन चार फायर कर दिए। मैं वहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताय कि एक आरोपी सचिन को पकड़ा गया है। तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गन्ना किसानों का हित सर्वोपरि:पूर्व विधायक कासिम अली

– गन्ना मूल्य चार सौ प्रति कुन्तल की मांग

अमिट रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

गोडरिया – कुशीनगर। गन्ना कभी यहां के किसानों के लिए सोने की खेती थी।बेटी के हाथ पीले करने के लिए बच्चों की पढाई के लिए नकदी की ब्यवस्था गन्ने से ही होती थी लेकिन चीनी मिल क्या बन्द हुई किसानों की किस्मत ही रूठ गई। कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज तहसील बाढ प्रभावित इलाका है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के किसान गन्ना की उपज करके नकदी फसल कमाते थे लेकिन शासन की उपेक्षा के चलते गन्ना किसानों का शोषण शुरू हो गया । पूर्व विधायक कासिम अली क्षेत्र भ्रमण के दौरान गौरीश्रीराम रेलवे स्टेशन के परिसर मे एक प्रेस वार्ता में कहा कि चीनी मिल द्वारा समय से भुगतान न करने से किसानो का इस फसल से भंग हुआ है ।आगे उन्होंने कहा कि गन्ने की उचित मूल्य निर्धारित नहीं होने से गन्ना किसानों के अरमान पर पानी फिर गया है ।गन्ना मूल्य चार रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित न होने से किसान परेशान वहीं भाजपा सरकार के दावे भी खोखला साबित हो रहे है ।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सरकार किसान विरोधी है जो किसानों की अनदेखी कर इस सरकार ने इस वर्ष गन्ने का दाम भी नहीं बढाया ।उन्होंने कहा कि किसान पर्ची के लिए परेशान है ।उन्होंने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि गन्ना मूल्य चार सौ प्रति कुन्तल नहीं किया गया तो सपा बृहद आन्दोलन करेगी ।उन्होंने कहा कि लगातार गन्ने की मूल्य बढाने के लिए मांग सपा द्वारा करने के बावजूद भी भाजपा सरकार की कुम्भकर्णी नींद नहीं खुल रही है ।किसानों के धैर्य की सीमा अब टूटने वाली है यदि भाजपा सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं होता तो आगे बहुत ही अप्रत्याशित आन्दोलन शुरू होगा।

टीवी हारेगा देश जीतेगा

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। टीबी हारेगा देश जीतेगा आज दिनांक 1 जनवरी 2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के अधीक्षक डॉक्टर अंग्रेश सिंह, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक केशव शुक्ला, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी अंजनी सिंह, बीसीपीएम बबीता शर्मा ,एसटीएलएस अर्जुन सिंह, टीबीएचबी विमलेश कुमार के नेतृत्व में फरेंदा ब्लॉक के कुल 20 गांव के 60 सदस्यों को क्षय रोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया, 2 जनवरी 2021 से 10 दिनों के लिए क्षय रोग अभियान शुरू किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द फरेंदा ब्लॉक को छह रोग मुक्त किया जाए।

गोरखपुर से नौतनवां लौट रहे व्यापारी को बदमाशों ने मारी गोली गंभीर

'अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव'

'ब्यूरो गोरखपुर। गोरखपुर जिले के चिलुआताल इलाके के मानीराम रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार को नौतनवां (महराजगंज) के होजरी कारोबारी प्रशांत जायसवाल (25) को बदमाशों ने गोली मार दी। सीने और पेट के बीच गोली फंसने की वजह से प्रशांत को मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। भाई विपिन के मुताबिक, लूट के इरादे से बदमाशों ने गोली मारी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, नौतनवां के सरोजनी नगर निवासी श्याम प्रकाश जायसवाल के पुत्र प्रशांत जायसवाल भाई विपिन के साथ कार की सर्विसिंग कराने गोरखपुर आए थे। दोपहर दो बजे के करीब दोनों नौतनवां लौट रहे थे। कार विपिन चला रहे थे। गोरखपुर–सोनौली मार्ग पर सिक्टौर बाजार स्थित मानीराम रेलवे क्रॉसिंग किसी ट्रेन के आने के कारण बंद थी। इस बीच प्रशांत पान–मसाला खरीदने के लिए कार से उतरे। आरोप है कि इस दौरान दो बाइक पर सवार चार युवक प्रशांत के पास पहुंचे। उनकी किसी बात पर प्रशांत से कहासुनी हो गई। नोकझोंक के बीच एक युवक ने प्रशांत के सीने में तमंचे से गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर अफरातफरी मच गई। बाइक सवार भी नौतनवां के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गोली मारने वाला बदमाश असलहा लहराते हुए, एक साथी के साथ बंद क्रासिंग के नीचे से बाइक निकाल कर मानीराम–बालापार रोड की तरफ भाग गया। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक शहर की तरफ निकल गए। घायल प्रशांत को लेकर, उनके भाई मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उधर, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। प्रशांत तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। सबसे बड़ा भाई विपिन तो दूसरे नंबर के प्रवीण हैं। नौतनवां में इनके मामा की रेडिमेड के साथ ही गल्ले का कारोबार है। इसी कारोबार के साथ प्रशांत और विपिन भी जुड़े हैं।

जनवरी में अर्जेंटीना दौरे के साथ होगी भारतीय महिला हॉकी की बहाली

जनवरी में अर्जेंटीना दौरे के साथ भारतीय महिला हॉकी की बहाली होगी।भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' तोक्यो ओलंपिक के लिये जुलाई 2021 में खेलगांव पहुंचने में अब 200 दिन के करीब समय रह गया है।अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलकर तैयारी करना जरूरी है।''

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम अगले सप्ताह शुरू हो रहे अर्जेंटीना दौरे के साथ कोरोना महामारी के बीच करीब एक साल बाद मैदान पर लौटेगी और ओलंपिक की तैयारियां बहाल करेगी। भारतीय टीम के 25 खिलाड़ियों और सात सहयोगी स्टाफ का कोर समूह तीन जनवरी को दिल्ली से रवाना होगा। भारतीय टीम 17 जनवरी से मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ आठ मैच खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' तोक्यो ओलंपिक के लिये जुलाई 2021 में खेलगांव पहुंचने में अब 200 दिन के करीब समय रह गया है।अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलकर तैयारी करना जरूरी है।'' उन्होंने कहा ,'' हमारी टीम इस मौके से काफी रोमांचित हैं। इससे हमें पता चलेगा कि बेंगलुरू में पांच महीने के राष्ट्रीय शिविर के बाद हम किस स्थिति में हैं।'' भारतीय महिला टीम ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल जनवरी में न्यूजीलैंउ में खेला था। भारत ने न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन मैच जीते थे। भारत के कोच शोर्ड मारिन ने कहा ,'' मैं खुश हूं कि एक साल बाद हम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने जा रहे हैं।इससे हमें पता चल जायेगा कि तोक्यो ओलंपिक की तैयारियों के लिये अगला कदम क्या होगा।'' हॉकी इंडिया और मेजबान हॉकी संघ ने दोनों टीमों के लिये बायो बबल तैयार किया है।

टोक्यो ओलंपिक को लेकर रोमांचित हैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीट डुप्लांटिस

स्वीडन के 21 वर्षीय डुप्लांटिस को वर्ष 2020 का सर्वश्रेष्ठ पुरूष एथलीट चुना गया। उन्होंने 2019 में दोहा विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता और पिछले साल फरवरी में पोलैंड में 6 . 17 मीटर का विश्व रिकार्ड बनाया।

नयी दिल्ली। पिछले कुछ अर्से में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरूष एथलीट का पुरस्कार जीतने वाले पोल वॉल्टर अर्मांड मोंडो डुप्लांटिस ने स्वीकार किया कि कोरोना महामारी के बीच तोक्यो ओलंपिक में अपेक्षाओं के दबाव पर खरा उतरना आसान नहीं होगा लेकिन उन्हें अपने पहले ओलंपिक का बेताबी से इंतजार है। स्वीडन के 21 वर्षीय डुप्लांटिस को वर्ष 2020 का सर्वश्रेष्ठ पुरूष एथलीट चुना गया। उन्होंने 2019 में दोहा विश्व चौम्पियनशिप में रजत पदक जीता और पिछले साल फरवरी में पोलैंड में 6 . 17 मीटर का विश्व रिकार्ड बनाया। इसके बाद सितंबर में खेल की बहाली पर 6 . 15 मीटर के साथ रोम डायमंड लीग में रजत पदक जीता। सर्जेइ बुबका का रिकार्ड तोड़ने वाले इस पोल वॉल्टर ने 'वियोन' चौनल से खास बातचीत में कहा ,'' मैने पहले कभी ओलंपिक नहीं खेला है लेकिन मुझे पता है कि दुनिया भर के एथलीटों से मिलना कितना खास होता होगा। इस बार कोरोना महामारी के कारण हालात अलग होंगे लेकिन इसकी आदत डालनी होगी। उम्मीद है कि भले ही प्रतिबंधों के साथ हों, लेकिन ओलंपिक हों।'' बुबका का आउटडोर रिकार्ड तोड़ने के अनुभव पर उन्होंने कहा ,'' सर्जेइ बुबका दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पोल वॉल्टर हैं। मैं उनसे बेहतर बनना चाहता हूं। उनसे अधिक उपलब्धियां अर्जित करना चाहता हूं जो पहले किसी ने देखी नहीं हो लेकिन अभी मैने सिर्फ शुरूआत की है।'' उन्होंने स्वीकार किया कि ओलंपिक में उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा लेकिन उन्हें खुद से भी काफी अपेक्षायें हैं। डुप्लांटिस ने कहा ,'' मैं बचपन से यह मानकर चला हूं कि मेरे भीतर विश्व रिकार्ड बनाने की क्षमता है। मुझे विश्वास है कि मैं ओलंपिक स्वर्ण जीत सकता हूं।

पूर्व अंपायर ने ईसीबी के खिलाफ नस्लीय पक्षपात का मुकदमा किया दर्ज

पूर्व अंपायर ने कथित नस्लीय पक्षपात के आरोप में ईसीबी के खिलाफ मुकदमा किया है। 'द गार्डियन ' की रिपोर्ट के अनुसार ,''होल्डर ने क्रिसमस से दो दिन पहले रोजगार ट्रिब्यूनल के लंदन कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।''

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के खिलाफ पूर्व अंपायरों जॉन होल्डर और इस्माइल दाउद ने अपने कार्यकाल के दौरान कथित नस्लीय पक्षपात के आरोप में मुकदमा कर दिया है। दोनों ने ईसीबी पर संस्थागत नस्लवाद में लिप्त होने का आरोप लगाया और देश में देशज अल्पसंख्यक समूहों के मैच अधिकारियों की कमी की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की। 'द गार्डियन ' की रिपोर्ट के अनुसार ,''होल्डर ने क्रिसमस से दो दिन पहले रोजगार ट्रिब्यूनल के लंदन कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।'' हैंपशर के पूर्व क्रिकेटर होल्डर ने तीन दशक के अपने कैरियर में 11 टेस्ट और 19 वनडे में अंपायरिंग की। रिपोर्ट के अनुसार ,'' ईसीबी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई 1983 से 2009 के बीच उसके प्रथम श्रेणी अंपायर ने की है। होल्डर को 1991 में ईसीबी के टेस्ट मैचों से हटा दिया गया था। उन्होंने इससे कुछ सप्ताह पहले ही वेस्टइंडीज के खिलाफ ओवल पर एक टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाड़ी द्वारा कथित तौर पर गेंद से छेड़खानी की शिकायत की थी।'' होल्डर और पूर्व अंडर 19 क्रिकेटर दाउद ने ईसीबी से मुआवजे की मांग की है। नार्थम्पटनशर, वोर्सेस्टरशर , ग्लेमोर्गन और यार्कशर के लिये खेल चुके दाउद अंपायरिंग में कैरियर नहीं बना सके क्योंकि उन्हें पेनल में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा ,'' मुझे कहा गया कि एक साल में पेनल में डाल दिया जायेगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। छह बार मुझसे जूनियर को प्रमोशन दे दिया गया। मुझे आज तक पता नहीं चला कि ऐसा क्यों किया गया। मुझे जिस तरह के उत्पीड़न और शोषण से गुजरना पड़ा, वह भयावह है।'' वहीं ईसीबी के एक प्रवक्ता ने जवाब में कहा ,'' हमें इन दावों की विस्तार से जानकारी नहीं है तो हम टिप्पणी नहीं कर सकते। ईसीबी खेल में किसी तरह के पक्षपात को दूर रखने को लेकर प्रतिबद्ध है।

रुपये में लगातार छठे दिन तेजी, 24 पैसे की बढ़त के साथ 73.07 प्रति डॉलर पर

मुंबई रुपये में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त का सिलसिला जारी रहा। वर्ष 2020 के अंतिम कारोबारी दिन रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 73.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी से रुपये की धारणा मजबूत हुई। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक पुनरोद्धार, कोविड–19 के टीके को पेश किए जाने की उम्मीद तथा असाधारण राजकोषीय और मौद्रिक प्रोत्साहन से बाजार की धारणा बेहतर हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.15 प्रति डॉलर पर खुला। यह कारोबार के दौरान 73.01 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक गया तथा 73.17 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक भी आया। अंत में रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 73.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 73.31 प्रति डॉलर के अपने दो माह के उच्चस्तर पर बंद हुआ था। छह कारोबारी सत्रों में रुपया 77 पैसे मजबूत हुआ है। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत टूटकर 89.59 पर आ गया।

चीनी आक्रामकता ने भारत–चीन राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के जश्न को फीका किया

बीजिंग। भारत–चीन राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ को शानदार तरीके से मनाने के साल में पूर्वी लद्दाख में मई महीने में चीनी आक्रामकता ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को गंभीर ठेस पहुंचायी जिसे वर्ष 1962 के युद्ध के बाद बेहद सावधानीपूर्वक विकसित किया गया था । सामरिक रूप से महत्वपूर्ण गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष में भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे और चीन के भी अनेक सैनिक मारे गए थे। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि यह घटना ऐसे वर्ष में घटी जिसे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने की 70वीं वर्षगांठ के रूप में संयुक्त रूप से मनाया जाना था । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच वर्ष 2018 में बुहान में और साल 2019 में तमिलनाडु के मामल्लपुरम में अनौपचारिक शिखर बैठक में हुई प्रगति के आधार पर कई कार्यक्रमों की घोषणा की गई थी। इस संबंध में दोनों देशों ने कारोबार, संस्कृति, सैन्य आदान प्रदान सहित द्विपक्षीय आयामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 70 समारोहों का कार्यक्रम निर्धारित किया था लेकिन इसे शुरू नहीं किया जा सका क्योंकि सबसे पहले बुहान में कोरोना वायरस शुरू होने के बाद इसे फैलने से रोकने के लिये चीन में लॉकडाउन लगा दिया गया था। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिस्री ने गणतंत्र दिवस से जुड़े एक स्वागत समारोह में 23 जनवरी को कहा था, भारत पहला गैर समाजवादी राष्ट्र था जिसने पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना को मान्यता दी थी । '' भारत में चीन के पूर्व राजदूत रहे और चीनी उप विदेश मंत्री लूओ झावहुइ इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस दौरान मिस्री ने कहा था, '' यह हमारी यात्रा की समीक्षा करने और साथ मिलकर नये लक्ष्य तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस वर्ष के प्रारंभ में चीन में कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने के बीच यह स्वागत कार्यक्रम वहां की सरकार द्वारा मंजूर अंतिम सार्वजनिक समारोह था। भारतीय उच्चायोग ने इसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को रद्द कर दिया था क्योंकि चीन ने लॉकडाउन की घोषणा कर दी थी। भारत सहित दुनिया के देश कोविड –19 के प्रसार के कारण प्रभावित हुए, वहीं चीन ने अप्रैल तक सख्त नियंत्रण उपायों के जरिये इसके फैलने पर प्रभावी रोक लगायी। इसी दौरान मई में हजारों की संख्या में सैनिकों को पूर्वी लद्दाख की ओर सैन्य अभ्यास के लिये भेजा गया जिसके कारण वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत के साथ नये सिरे से तनाव बढ़ गया । कई दौर की राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद भी तनाव कम नहीं हुआ है । सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद भारत और चीन संबंधों की वर्तमान स्थिति के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था, हम संभवतः चीन के साथ हमारे संबंधों के सबसे कठिन दौर में हैं, निश्चित तौर पर पिछले 30 से 40 वर्षों में या आप इससे अधिक भी कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वभाविक तौर पर इससे संबंध प्रभावित होंगे। इसी महीने एक अन्य बैठक में जयशंकर ने कहा था कि जो कुछ हो रहा है, वह वास्तव में चीन के हित में नहीं है क्योंकि उसने जो किया है, उससे लोक संवेदना पर गहरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा था कि वास्तविक खतरा यह है कि जो बेहतर माहौल सावधानीपूर्वक विकसित किया गया था, वह इस वर्ष की घटनाओं के कारण नष्ट हो जायेगा। वहीं, चीन लद्दाख गतिरोध के लिये भारत को जिम्मेदार ठहराता रहा है।

संक्षिप्त

ऑस्ट्रेलियाई टीम को डेविड वॉर्नर की वापसी का इंतजार, लाबुशेन ने कहा– टीम का बढेगा मनोबल

मेलबर्न।ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को सिडनी में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेविड वॉर्नर की वापसी का इंतजार है और उनका मानना है कि मेजबान को उनकी बल्लेबाजी से ही नहीं बल्कि मैदान पर 'असीम ऊर्जा' से भी फायदा मिलेगा। ग्रोइन की चोट के कारण वॉर्नर पहले दो टेस्ट से बाहर रहे और अब आखिरी दो टेस्ट के लिये उन्हें टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला फिलहाल 1 . 1 से बराबर है। तीसरा टेस्ट सात जनवरी से शुरू होगा। लाबुशेन ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' वह टीम में लौटते हैं तो हमारे लिये बहुत बड़ी बात होगी। उनके नाम 7000 से अधिक टेस्ट रन है और उनका औसत 50 से अधिक है।वह जबर्दस्त खिलाड़ी हैं।'' उन्होंने कहा ,'' बतौर बल्लेबाज ही नहीं बल्कि मैदान पर वह जिस तरह से ऊर्जा का संचार करते हैं, वह काबिले तारीफ है।'' वॉर्नर की गैर मौजूदगी आस्ट्रेलियाई टीम को बुरी तरह खली है। इस श्रृंखला में अभी तक मैथ्यू वेड , लाबुशेन और कप्तान टिम पेन ही 23 से ऊपर की औसत से रन बना सके हैं।

केन विलियमसन बोले– स्मिथ और कोहली सर्वश्रेष्ठ, उनसे आगे निकलकर हैरान हूं

माउंट मोनगानुई। न्यूजीलैंड के करिश्माई कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि वह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और भारतीय कप्तान विराट कोहली से आगे निकलकर शीर्ष पर पहुंचने से हैरान हैं। विलियमसन (890) को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की 101 रन की जीत के दौरान 129 और 21 रन बनाये जिससे उन्हें 13 रेटिंग अंक मिले जिससे वह साल के आखिर में बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने स्मिथ की जगह ली जो भारत के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में शून्य और आठ रन बनाने के कारण तीसरे स्थान पर खिसक गये। कोहली (879) दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। आईसीसी के ट्विटर हैंडल पर जारी वीडियो में विलियमसन ने कहा, ''ये दोनों खिलाड़ी (विराट कोहली और स्टीव स्मिथ) मुझसे श्रेष्ठ हैं। उन जैसे खिलाड़ियों से आगे निकलना हैरानी भरा और सुखद है।'' उन्होंने कहा, ''ये दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने वर्षों से सभी प्रारूपों में खेल को आगे बढ़ाया है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो उनके खिलाफ खेला हूं।

ब्रिटेन से दिल्ली लौटे 38 लोग कोरोना संक्रमित, चार लोगों में मिला वायरस का नया स्ट्रेन : सत्येंद्र जैन

नयी दिल्ली। ब्रिटेन से हाल में दिल्ली लौटे चार लोगों के कोरोना वायरस के नए प्रकार (स्ट्रेन) से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। यह जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को दी। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए जैन ने कहा कि ब्रिटेन से दिल्ली आए कुल 38 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है और उन्हें लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल परिसर में अलग संस्थागत पृथकवास में रखा गया है। उन्होंने बताया, ''चार ऐसे मरीज हैं जिनके, ब्रिटेन में मिले कोरोना वायरस के नए प्रकार से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। उनके संपर्क में आए लोगों का पता लगाकर उनकी जांच की जा चुकी है और उनमें संक्रमण नहीं मिला है। इस तरह दिल्ली में वायरस के नए प्रकार से संक्रमित यही चार मरीज हैं।'' जैन ने कहा, ''उड़ानों पर रोक लग चुकी है जो लोग पहले आ गए थे उनका पता लगाया जा रहा है और तेजी से जांच की जा रही है।'' प्राधिकारियों ने बताया कि कि बुधवार को दिल्ली में कोविड–19 के 677 नए मामले सामने आए जबकि 21 और मरीजों की मौत हुई। वहीं दिल्ली में संक्रमण दर गिरकर महज 0.8 प्रतिशत रह गई है। जैन ने कहा, ''संक्रमण की दर सात नवंबर के 15.26 प्रतिशत से गिरकर 0.8 प्रतिशत पर आ गई है। करीब 85 प्रतिशत बिस्तर खाली हैं, स्थिति में बहुत सुधार आया है। इसलिए एलएनजेपी और जीटीबी अस्पताल को आंशिक रूप से कोविड–19 मरीजों के लिए रखने का फैसला किया गया है। जल्द ही इनमें ओपीडी सहित बाकी सेवाएं क्रमवार तरीके से शुरू होंगी।'' टीकाकरण की तैयारियों के बारे में उन्होंने बताया कि एक हजार टीकारण केंद्रों की स्थापना की गई है।

ओडिशा में कोविड–19 संक्रमण के 315 नए मामले, दो और मरीजों ने गंवाई अपनी जान

भुवनेश्वर। ओडिशा में कोविड–19 के 315 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,29,621 हो गई। वहीं, दो और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,873 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पृथकवास केंद्रों से 181 नए मामले सामने आए हैं और 134 संक्रमितों की जानकारी संपर्कों की तलाश के दौरान हुई।अधिकारी ने बताया कि कटक में सबसे ज्यादा 41 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद बोलंगीर में 40 मामले सामने आए। उन्होंने बताया कि खुर्दा और पुरी जिले में लोगों की मौतें हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि संक्रमित 53 मरीजों की मौत अब तक दूसरी बीमारियों की वजह से हुई है। राज्य में अब 2,592 मरीजों का इलाज चल रहा है और 3,25,103 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

एमजी मोटर, टाटा पावर ने कोयंबूटर में लगाया 60 किलोवॉट का 'सुपरफास्ट' ईवी चार्जिंग स्टेशन

कोयंबटूर। एमजी मोटर और टाटा पावर ने बृहस्पतिवार को 60 किलोवॉट क्षमता का 'सुपर फास्ट' सार्वजनिक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग स्टेशन यहां लगाया। यह तमिलनाडु और शहर का पहला 'सुपर फास्ट' ईवी चार्जिंग स्टेशन है। यह नया सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन सीसीएस (कंबाइंड चार्जिंग सिस्टम) त्वरित चार्जिंग मानक युक्त सभी वाहनों के लिए उपलब्ध है।

सम्पादकीय........

उम्मीदों का सवेरा

फिर एक नये साल ने दस्तक दी है। यह समय का अनवरत चक्र है। महत्वपूर्ण यह है कि हमने बीते वक्त में विषम परिस्थितियों का कितने आत्मविश्वास के साथ मुकाबला किया और उनसे क्या सीखा। निस्संदेह, एक सदी के बाद दुनिया पर कहर बरपाती महामारी ने विकास का पहिया थाम दिया। जीवन पर संकट बड़ा थाध्लेकिन इस संकट ने हमें जीवनशैली की विसंगतियों और कुदरत से इनसानी रिश्तों पर पुनर्विचार करने का अवसर भी दिया। यह भी बताया कि परमाणु शक्ति संपन्न और अंतरिक्ष विजय का दंभ पाले देशों को एक अदृश्य विषाणु ने लाचार कर दिया। महाशक्ति का दंभ भरने वाले देश इस विषाणु हमले में घुटनों पर आ गये लेकिन संकट के बाद ही नयी संरचना सामने आती है। जीवन की नयी कोंपलें उगती हैं। संकटों में तपकर इनसान मजबूत होता है। लेकिन इस संकट ने हमें हमारे खानपान, रहन–सहन और सामाजिक व्यवहार के कृत्रिम रूप का अहसास कराया। यह अहसास कराया कि बड़ी कोठी–बंगले और बड़ी–बड़ी कारों से बढ़कर जीवन में कुछ और भी महत्वपूर्ण है। यह भी कि जब सेहत का धन होता है तो बाकी धन बेकार हो जाते हैं। इस संकट में धनाढ्य लोग भी लाचार नजर आये। हमें इस मुश्किल समय को एक सबक के रूप में लेना चाहिए। पारिवारिक संस्था के महत्व को समझना चाहिए। हमें अपनी आवश्यकताओं की प्राथमिकता के बारे में सोचना चाहिए। इस दौरान विलासिता की चीजें और बाह्य आडंबर के तमाम साधन महज कागज के फूल ही साबित हुए। हमारी जीवनशैली से हासिल प्रतिरक्षा क्षमता ही मददगार बनी। इस चुनौती ने हमें बचत की महत्ता बतायी। यह बताया कि कैसे संकट के समय खून के रिश्ते भी विमुख हो जाते हैं और कैसे अनजान व बेगाने लोग तारणहार बन जाते हैं। यह भी कि मुश्किल वक्त में अपना घर ही सब कुछ होता है। दशकों बाद यह समय आया जब परिवार के लोग सबसे अधिक समय साथ रह सके। एक–दूसरे को समझ सके। ऐसा भी नहीं है कि यह संकट अंतिम है। आने वाले समय में हमें कई ऐसी चुनौतियों के लिये तैयार रहना चाहिए। यह संकट सरकारों के लिये भी सबक है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनायें। वहीं व्यक्ति के लिये सबक है कि जितना हो सके, प्रकृति के सान्निध्य में अपनी जीवनशैली विकसित करे। इस संकट में जब आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था असहाय नजर आई तो भारत की परंपरागत चिकित्सा प्रणाली जीवनदायिनी साबित हुई ।ध्योग और आयुर्वेद हमारा सुरक्षा कवच बना। हमारी रसोई दवाखाना बनी। कैलेंडर का बदलना यह संदेश देता है कि बीते सबकों के आलोक में नये जीवन की शुरुआत की जाये। नये संकल्पों को हकीकत में बदलने का प्रयास करें। बीते वक्त पर मंथन करें और नये लक्ष्य निर्धारित करें। यह जानते हुए कि हर समय एक जैसा नहीं रहता। पहले वाला समय नहीं रहा तो यह भी नहीं रहेगा। कुदरत अपनी चाल चलती रहेगी। संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है बल्कि नये रूप में चुनौती दे रहा है। कुछ चीजें तो हमारे जीवन में हमेशा के लिये बदल जायेंगी। जिसे नये सिरे से सामान्य कहकर परिभाषित किया जायेगा। कुछ वर्जनाएं कुछ आने वाले वर्षों तक जीवन का हिस्सा बनी रहेंगी। जरूरत इस बात की होगी कि हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक रहे। जीवन में उल्लास व उमंग का अभाव न हो।

आज का राशिफल

मेष :– भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

बृषभ :– भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

मिथुन :– भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

कर्क :– महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक–सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

सिंह :– किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

कन्या :– नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुला :– कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन–सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

वृश्चिक :– किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

धनु :– रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकर :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

कुंभ :– पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

मीन :– पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

शेयर बाजार में उछाल की उम्मीद

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> *जो दशकों से लंबित थे. खासतौर से कोयला, कृषि, नागरिक विमानन, श्रम, रक्षा और विदेशी निवेश जैसे क्षेत्रों में किये गये जोरदार सुधारों से अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी है. भारत के ऐसे रणनीतिक प्रयासों से कोविड–19 का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अन्य देशों की तुलना में कम प्रभाव पड़ा है और इससे भारतीय शेयर बाजार को तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला है. चाहे कोविड–19 के कारण वर्ष 2020 में भारत की आर्थिक चुनौतियां मुंह बाए खड़ी रहीं, लेकिन भारत की आर्थिक संभावनाओं के लिए एक के बाद एक जो वैश्विक सर्वेक्षण प्रकाशित हुए, उनसे भी भारतीय शेयर बाजार को बढ़त मिली. कोविड–19 की आर्थिक चुनौतियों के कारण इस समय भारतीय कारोबारियों के पास नये उद्यम शुरू करने या चालू उद्यम को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है।*

यकीनन नये वर्ष 2021 में देश के शेयर बाजार द्वारा नयी ऊंचाइयां छूने का परिदृश्य उभरता हुआ दिखायी दे रहा है. यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोना वायरस के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का जो सेंसेक्स 23 मार्च, 2020 को 25,981 अंकों पर आ गया था, वह लगातार बढ़ते हुए दिसंबर, 2020 के अंतिम छोर पर 47,800 अंकों के पार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया. यदि हम वर्ष 2020 में दुनियाभर के विकासशील देशों के शेयर बाजारों की तस्वीर को देखें, तो हमें भारतीय शेयर बाजार की स्थिति शानदार दिखती है और नये वर्ष 2021 में शेयर बाजार के तेजी से आगे बढ़ने की संभावनाओं के कई कारण चमकते हुए दिख रहे हैं. भारत के द्वारा कोविड–19 का रणनीतिकपूर्वक सफल मुकाबला किये जाने से अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है. कोविड–19 से बचाव के टीके, ब्रेक्जिट समझौते और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार से आर्थिक सकारात्मकता आयी है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा प्रोत्साहन के लिए 900 अरब डॉलर जारी करने के विधेयक पर हस्ताक्षर करने से निवेशकों की धारणा को बल मिला है. इन महत्वपूर्ण कारणों के साथ–साथ शेयर बाजार में निवेश पर बढ़ते रिटर्न के कारण लोगों का रुझान स्टॉक मार्केट में बढ़ा है. म्युचुअल फंड में निवेश में भी तेजी आयी है. गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के संकट में कमी आयी है. लघु एवं मझोले उद्यमों में कोविड–19 महामारी के बाद एनपीए का जोखिम कम हुआ है. कंपनियों की लागत में कमी और उत्पादकता में सुधार हुआ है. पिछले एक साल के दौरान छोटे शहरों से निवेशकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है. भारत में वर्ष 2020 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) के योगदान ने नया रिकॉर्ड बनाया है, इससे वैश्विक स्तर पर उभरते बाजारों में एफपीआइ निवेश के लिहाज से भारत का स्थान शीर्ष पर रहा है. उल्लेखनीय है कि सरकार ने कोविड–19 की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए वर्ष 2020 में एक के बाद एक कुल 29.87 लाख करोड़ रुपये की राहतों के एलान किये. कोरोना काल में सरकार को

HINDALCO +0.7% +0.70

उन सुधारों को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है, जो दशकों से लंबित थे. खासतौर से कोयला, कृषि, नागरिक विमानन, श्रम, रक्षा और विदेशी निवेश जैसे क्षेत्रों में किये गये जोरदार सुधारों से अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी है. भारत के ऐसे रणनीतिक प्रयासों से कोविड–19 का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अन्य देशों की तुलना में कम प्रभाव पड़ा है और इससे भारतीय शेयर बाजार को तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला है. चाहे कोविड–19 के कारण वर्ष 2020 में भारत की आर्थिक चुनौतियां मुंह बाए खड़ी रहीं, लेकिन भारत की आर्थिक संभावनाओं के लिए एक के बाद एक जो वैश्विक सर्वेक्षण प्रकाशित हुए, उनसे भी भारतीय शेयर बाजार को बढ़त मिली. कोविड–19 की आर्थिक चुनौतियों के कारण इस समय भारतीय कारोबारियों के पास नये उद्यम शुरू करने या चालू उद्यम को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है. नये फंड तक भी उनकी पहुंच नहीं है, क्योंकि बैंक अब फंसे हुए कर्ज के मामलों को देखते हुए नये ऋण देने में काफी सतर्कता बरतने लगे हैं. ऐसे में इस संकट से निकलने का तरीका है नये सिरे से पूंजीकरण करना. इस काम के लिए शेयर बाजार का विस्तार और अधिक लोगों के कदमों को शेयर बाजार की ओर मोड़ा जाना जरूरी है. यद्यपि भारत में शेयर बाजार कोविड–19 के बीच भी तेजी से बढ़ा है, लेकिन फिर भी अन्य कई देशों की तुलना में भारत के शेयर बाजार के विकास की गति धीमी है. जहां भारत के करीब 3.3 प्रतिशत लोग ही शेयर बाजार से संबद्ध हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया के 40 प्रतिशत, न्यूजीलैंड के 31 प्रतिशत, इंग्लैंड के 30 प्रतिशत, जापान के 29 प्रतिशत तथा अमेरिका के 26 प्रतिशत लोग शेयर बाजार से जुड़े हुए हैं. चूंकि देश का आर्थिक विकास तेजी से हो रहा है, इसलिए शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का तेजी से आना व जुड़ना जरूरी है. चूंकि शेयर बाजार में लंबे समय से सुस्त पड़ी हुई कंपनियों के शेयर की बिक्री कोविड–19 के बीच तेजी से बढ़ी है, उससे शेयर बाजार में जोखिम भी बढ़ गया है. ऐसे में शेयर बाजार में हर कदम फूंक–फूंककर रखना जरूरी है. शेयर बाजार की ऊंचाई के साथ–साथ भारतीय शेयर बाजार में छोटे निवेशकों के हितों और उनकी पूंजी की सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है. शेयर बाजार को प्रभावी व सुरक्षित बनाने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों में गड़बड़ियां रोकने पर विश्वनाथन समिति ने सेबी को जो सिफारिशें सौंपी हैं, उनका क्रियान्वयन आने वाले समय में लाभप्रद होगा.ऐसे में सरकार के द्वारा शेयर और पूंजी बाजार को मजबूत बनाने की डगर पर आगे बढ़ने के लिए सेबी की भूमिका को और प्रभावी बनाना होगा. जरूरी है कि सेबी शेयर बाजार की गतिविधियों पर सतर्कता से ध्यान देकर शेयर बाजार को अधिक स्वस्थ दिशा दे. सेबी के द्वारा बाजार के संदिग्ध उतार–चढ़ावों की तरफ आंखें खुली रखी जायें. शेयर बाजारों में घोटाले रोकने के लिए डीमैट और पैन की व्यवस्था को और कारगर बनाया जाये. छोटे और ग्रामीण निवेशकों की दृष्टि से शेयर बाजार की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाये. शेयर बाजार के महत्व को ज्यादा से ज्यादा लोगों को समझाये जाने की जरूरत है, ताकि अधिक संख्या में लोग बाजार का रुख करें. लोगों को यह समझना होगा कि शेयर बाजार कोई जुआघर नहीं है, यह तो देश की अर्थव्यवस्था की चाल को नापने का एक आर्थिक बैरोमीटर है. हम उम्मीद करें कि कोविड–19 की चुनौतियों के बीच नये वर्ष 2021 में शेयर बाजार की कंपनियों के लिए सेबी की सतर्क निगाहें होंगी और सेबी के द्वारा भविष्य के लिए ऐसे कदम सुनिश्चित किये जायेंगे, जिससे शेयर बाजार अनुचित व्यापार व्यवहार से बच सकेगा. हम उम्मीद करें कि सरकार वर्ष 2021–22 के आगामी बजट में शेयर बाजार में निवेशकों के लिए नये कर प्रोत्साहन सुनिश्चित करेगी. हम उम्मीद करें कि वर्ष 2021 में अर्थव्यवस्था में सुधार की रफ्तार का आधार और मजबूत होगा तथा पूंजी पर प्रतिफल और मुनाफे में उत्साहजनक वृद्धि होगी. इससे शेयर बाजार के निवेशकों और अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा.

जिजीविषा का प्रतीक है नववर्ष

केवल कैलेंडर की तारीख बदलना नव वर्ष नहीं. केवल बारह महीने बीत जाना वर्ष की विदाई नहीं. इसके लिए अंतदृ ंष्टि और कालपथ पर पदचाप दर्ज करना आवश्यक है. नयी संभावना, नयी दृष्टि, संघर्ष और लालित्य का प्रवेश ही नव वर्ष है. नव वर्ष केवल नये समय का पर्व नहीं. वह जिजीविषा, सामूहिकता, वैभव, समृद्धि की कामना, संकल्प, नूतनता के उन्मेष का भी प्रकटीकरण है. विषाद की छाया के विरुद्ध नवता का उद्घोष. वास्तव में विगत समय व वर्ष हमसे हमारा आकलन चाहता है. नया वर्ष उजाले के बिंब की रूपहली मछली की तरह हमारे मन की संरचना में छलक उठता है. नव वर्ष का पक्ष आवश्यक रूप से विगत वर्ष का अगला चरण है. यह खट्टा, मीठा, तीखा, कई स्वादों से संपृक्त है. नये वर्ष व विगत वर्ष का संधि बिंदु हमें कई बार एकांत मनन की सुविधा देता है. नव वर्ष हमें भविष्य के दृश्य से परिचित कराने की ओर ले जाता है. हमारी दृष्टि में संसार युग्मों से सृजित हैरू परंपरा व आधुनिकता, स्थिर व जंगम इत्यादि. नये समय का अर्थ आत्मा के रंग में नये सृजन के संकल्प के रूप में जुड़ा हुआ है. प्रभु वर्ग चाहे जितना ताम–झाम कर ले, सामान्य व्यक्ति अपने भविष्य को निर्धारित करने के लिए अधिक संवेदनशील होता है, इस संधि–बिंदु पर. यह अलग बात है कि व्यवस्था की शीत ऋतु में परिवर्तन की ऊष्मा की प्रेरणा सामान्य आदमी को मिल ही जाती है. दुख, विषाद, पैसे की कमी, रोजगार का वज्र संकटरू इसके बावजूद यदि नव वर्ष परंपरा से हमें नये दुष्चक्रों को भेदने के लिए आलोकित करता है, ऊष्मा देता है, तो यही उसकी महिमा है. काल अनंत है, और प्रवाहमान भी. उसके किसी खंड में हम जीते हैं. हमारी स्मृतियां और आकांक्षाएं समय सापेक्ष हैं, और समय को अतिक्रमित करने वाली भी. जो आकांक्षाएं सावधि होती हैं, उनकी अपनी सीमाएं हैं. मनुष्य है कि सीमाएं तोड़ता है. वह ससीम से असीम की ओर बढ़ता है. यही उसके व्यक्तित्व का घनत्व है. वह व्यक्ति से समष्टि की ओर बढ़ता है. वह निजता के साथ–साथ पंक्तिबद्ध भी होता है. आज विश्व के अनेक परिवर्तन पंक्तिबद्धता और समूहवाची होने के परिणाम हैं. इसका अर्थ यह नहीं कि व्यक्तित्व की आंतरिकता के महत्व कम हुए हैं. सच तो यह है कि बढ़ते शोरगुल और आक्रामक माहौल में निजता की प्रतिष्ठा की अर्थवत्ता और बढ़ी ही है. नव वर्ष में परिवर्तन की कामना के साथ व्यक्तित्व की निजता को एक साथ संबल मिलना अभीष्ट है. आज व्यक्तित्व ही विलोपित हो रहा है. व्यक्तित्वहीन व्यक्तित्व. साहित्य, कलाएं, नवाचार, आंदोलन आदि व्यक्तित्वहीनता के इसी आवरण को उतारते हैंरू मूर्त या अमूर्त रूप में. नव वर्ष सालभर की प्रतीक्षा के बाद आता है. यह धीरज स्मृतियों में संपुंजित होता है. विगत का हर क्षण गंध और रोशनी की तरह या कभी–कभी अंधकार की तरह हमारे मन में अस्तित्व के हिस्से रूप में लगते हैं. जो बेहतर होता है, वह उजास की तरह होता है. उजास की दृष्टि हमारे अनुभव में मिल जाती है तथा समकालीनता का दृश्यांकन करती है. हमारे लोक समाजों में भूत–भविष्य का लेखा–जोखा एक आवेग जैसा है, जिसमें अनगढ़ता और आदिम ऊष्मा है. हम अपने ज्योति–पुंज के रूप के रूप में नव वर्ष को लेते हैं, जो हमें आलोकित कर दे. प्रस्तुत वर्ष परिवर्तन का वर्ष है. प्रत्येक क्षण वैसे तो बदलाव ही लाता है, लेकिन यहां श्परिवर्तनश का बृहत् अर्थ है. यहां अर्थ हैरू मानवीय सरोकारों का दृष्टिबोध बदलना, व्यवस्था से जनता का मोहभंग होना, सड़े–गले पक्षों पर प्रहार, नस्ल, वर्ण, पंथ, भाषा, क्षेत्र के अतिवाद से मुक्ति. यह नहीं चलेगा कि एक ओर टेंट में रोज बच्चे मर रहे हैं और दूसरी ओर स्तरहीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर नजरें मटकायी जा रही हैं. अब यह देखना होगा कि कृति का कौन सा विखंडन या विश्लेषण अथवा उपपाठों की तलाश राजनीतिक तौर पर सही या गैर–सही है. नयी सांस्कृतिक चेतना से नव वर्ष का प्रारंभ ही अभीष्ट है. यह देश में नयी व्यवस्थागत बहस, बदलाव लाये– यह कामना है. डिबेट और डिस्कोर्स हो, न कि डिनाउंसिंग और डिबंकिंग, क्योंकि इससे संवाद की स्थिति समाप्त हो जाती है. वर्तमान समय संवाद बढ़ाने का है, न कि अलगीकृत होने का. यद्यपि सूचना के महाअंबार में अलग होते जाते व्यक्तित्वों व समाजों का प्राधान्य बढ़ रहा है. ईमानदारी और सादगी की आवश्यकता है, लेकिन इसकी पैकेजिंग हो रही है. इसे राजनीति में इस्तेमाल किया जा रहा है. श्इस्तेमाल होनेश व श्जीनेश में फर्क को नव वर्ष का आधार बनाना जरूरी है. श्होनेश व श्प्रचारितश करने के बीच की क्षीण रेखा को देखें. व्यक्ति के अभ्यंतर व समूह के संघर्ष नव वर्ष को नयी आभा के रूप में बदल सकते हैं. इसे संकल्प के अवसर, प्रसन्नता, एकजुटता, समानता, नवाचार के प्रतीक के रूप में ले सकते हैं. केवल कैलेंडर की तारीख बदलना नव वर्ष नहीं. केवल बारह महीने बीत जाना वर्ष की विदाई नहीं. इसके लिए अंतर्दृष्टि और कालपथ पर पदचाप दर्ज करना आवश्यक है. नयी संभावना, नयी दृष्टि, संघर्ष और लालित्य का प्रवेश ही नव वर्ष है. नया वर्ष अंतहीनता को एक ठौर देता है. हमारी स्मृति, आशा, लगाव, भविष्यकामिता के आलोड़न के विविध स्पंदन नये वर्ष के आधारबिंदु हैं.

दीपिका पादुकोण ने नए साल पर डिलीट किए अपने सारे सोशल मीडिया पोस्ट, क्या हैक हो गए अकाउंट

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण उन एक्ट्रेस में से हैं जिनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। फैंस उनके बारे में हर जानकारी चाहते हैं। सोशल मीडिया इसका बहुत बड़ा जरिया है। लेकिन अब एक बड़ी खबर सामने आई है। दीपिका के सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम से सभी पोस्ट गायब हो गए हैं। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या दीपिका ने ये पोस्ट खुद डिलीट किए हैं या उनका अकाउंट हैक हो गया है। जी हां, दीपिका के सारे सोशल मीडिया अकाउंट्स से उनका सारे पोस्ट डिलीट हो चुके हैं जो की काफी शॉकिंग है। इतना ही नहीं दीपिका के अकाउंट्स से पोस्ट डिलीट होने के अलावा उनकी प्रोफाइल फोटो भी चेंज हो गई है।

जहां सारे सोशल मीडिया अकाउंट्स पर उनकी प्रोफाइल फोटो लगी हुई थी तो वहीं अब उनकी जगह 'इंडिया टुडे' मैगजीन की कवर फोटो लगी हुई आ रही है। अब एक्ट्रेस ने ये सारे पोस्ट खुद डिलीट किए हैं या उनके अकाउंट्स हैक हो गये हैं, या फिर ये उनका अपनी किसी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन करने का कोई तरीका है? ये तो बाद में ही पता चलेगा। अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करने के अलावा दीपिका अक्सर अपने पति रणवीर सिंह के पोस्ट पर कमेंट करने की वजह से भी खबरों में रहती हैं। हाल ही में लॉकडाउन के दौरान दीपिका ने अपने घर के कामों से जुड़े कुछ पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे जो काफी वायरल हुए थे। ऐसे में अब फैंस को दीपिका के स्टेटमेंट का बेसब्री से इंतजार रहेगा कि आखिर ये हुआ क्या है? आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण को इंस्टाग्राम पर 52 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। वहीं ट्विटर और फेसबुक पर भी उनके अच्छे खासे फॉलोअर्स हैं।

सोनम कपूर ने पति को किस करते हुए सेलिब्रेट किया न्यू ईयर

आज नए साल के मौके पर सभी नयी खुशियों की तलाश में है। ऐसे में हमारे बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी कहा पीछे रहने वाले है। तो बस एक्ट्रेस सोनम कपूर ने भी सोशल मीडिया के जरिए नए साल के आने की खुशी दिखाई है और बताया है की वो 2021 में क्या करेंगी। सोनम कपूर ने पति आनंद आहूजा को किस करते हुए एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और नए साल को लेकर एक खास मैसेज भी लिखा। सोनम कपूर ने लिखा, 2021 मैं जिंदगी में अपने प्यार के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हूं। ये साल प्यार, परिवार, दोस्तों, काम, यात्रा और आध्यात्मिक विकास समेत तमाम चीजों से भरा रहने वाला है। मैं एक अच्छे साल की ओर देख रही हूं। हम खूब मेहनत करेंगे और जिंदगी को पूरी तरह से जिएंगे और पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। वैसे, सोनम कपूर के साल के इस पहले पोस्ट में काफी पॉजिटिविटी देखने को मिली। फैंस उनकी इस खास तस्वीर और मैसेज को खूब पसंद कर रहे है। उम्मीद है की अब एक्टर्स का ये साल वैसा ही हो जैसा वो चाहती है।

अनन्या पांडे मालदीव में कुछ इस तरह कर रही हैं वेकेशन एन्जॉय

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे सोशल मीडियार पर एक्टिव रहने वाली सेलिब्रिटी की लिस्ट में शुमार है। वैसे अनन्या की सोशल मीडिया पर काफी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है,उनकी हर एक फोटो को फैंस का खूब प्यार मिलता है। फिलहाल अनन्या पांडे का लेटेस्ट फोटोशूट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल अदाकारा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज साझा की है,जिसमें उनका कातिलाना अंदाज देखने को मिल रहा है और उनकी हर एक फोटो को उनके फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। फिलहाल अनन्या मालदीव में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं,जहां से वो अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर रही हैं।अनन्या पांडे की इन लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस एक स्विमिंग पूल के किनारे बैठी नजर आ रही हैं। अपने इस नए पोस्ट में अनन्या ने बताया है कि वह जैसी हैं, वैसी बने रहने की दिशा में वह निरंतर मेहनत कर रही हैं। अपनी इन तस्वीरों को लेकर अनन्या काफी चर्चा में हैं। तस्वीरों से ऐसा लगता है उन्होंने मालदीव को अच्छी तरह एक्सप्लोर कर लिया है। अपनी इन तस्वीरों में अनन्या ने बिकनी पहनी हुई है वहीं, बीच के किनारे चिल आउट करती नजर आई। इंस्टाग्राम पर बिकिनी में साझा की गई इन तस्वीरों में अनन्या पूल के किनारे बैठे बर्गर का भी लुफ्त उठाती दिखाई पड़ रही हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, जैसी हूं वैसे ही बने रहने की दिशा में लगातार काम कर रही हूं। अभिनय की बात करें, तो अनन्या आखिरी बार डिजिटली रिलीज हुई फिल्म खाली पीली में नजर आई थीं। इस वक्त वह शकुन बत्रा की अगली फिल्म में काम कर रही हैं, जिसमें दीपिका पादुकोण और सिद्धांत चतुर्वेदी भी हैं। इस फिल्म के शीर्षक पर अभी तक कोई बात नहीं बन पाई है। इसके अलावा, अभिनेत्री को तेलुगू सुपरस्टार विजय देवरकोंडा संग एक और फिल्म में देखा जा सकेगा।

ब्लैक ड्रेस में मौनी रॉय ने बिखेरा हुस्न का जलवा

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरें फैन्स के साथ साझा करती बनी रहती हैं। एक बार फिर मौनी रॉय ने ब्लैक ड्रेस में इंस्टाग्राम पर आग लगा दी है। आइए आपको दिखाते हैं मौनी की ये खूबसूरत तस्वीरें।मौनी रॉय इन तस्वीरों में ब्लैक कलर की ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। मौनी की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही वायरल हो गई हैं।सोशल मीडिया पर मौनी रॉय के हजारों फैन्स हैं, जो उनकी इन तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स कर रहे हैंइन तस्वीरों में मौनी रॉय काफी हॉट एंड बोल्ड लग रही हैं। सोशल मीडिया पर मौनी रॉय कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार से तहलका मचाती रहती हैं।

शरीर में दिखें ये लक्षण तो समझ जाएं आपको पहले हो चुका है कोरोना!

साल 2020 को खत्म होने में महज कुछ दिन बाकी रह गए हैं लेकिन अभी तक दुनिया को कोरोना वायरस से छुटकारा नहीं मिल पाया है। इसके मामले एक तरफ जहां बढ़ते जा रहे हैं वहीं वायरस का नया स्ट्रेन भी कोई कम आफत नहीं मचा रहा है। चाहे बहुत से देशों में इसकी वैक्सीनेशन शुरू हो गए है लेकिन कोरोना के नए स्ट्रेन आने से अब कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। इस वायरस को लेकर आज भी लोगों के मन में बहुत सारे सवाल हैं। कुछ लोगों को लगता है कि कोरोना नाम जैसा कोई वायरस नहीं है तो किसी को लगता है कि इस वायरस से कभी व्यक्ति ठीक नहीं होता है। तो आइए आज हम आपको आपके ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब देते हैं।

इस दिन मरीजों में आने लगते हैं लक्षण नजर

इस वायरस की चपेट में आज भी लोग लगातार आ रहे हैं। लेकिन इसके लक्षण पांचवे दिन दिखाई देते हैं। यह पूरा पीरियड तकरीबन 14 दिनों तक होता है। और 12 वें दिन यह वायरस खत्म हो जाता है। जी हां विशेषज्ञों की मानें तो 12 वें दिन संक्रमण खत्म हो जाता है। एक तरह से यह कमजोर आ हो जाता है। चाहे आरटी–पीसीआर में यह पॉजिटिव आए लेकिन इस दिन वायरस काफी हद तक कमजोर हो जाता है।

नहीं रहता किसी को संक्रमण करने का खतरा

वहीं 12 वें दिन वायरस काफी कमजोर हो जाता है। यानि इस दिन के बाद वायरस व्यक्ति में इतना कमजोर हो जाता है कि वह किसी को संक्रमित नहीं कर पाता है। और खुद ब खुद वायरस का स्तर नीचे हो जाता है जिससे मरीज को ठीक माना जाता है।

लक्षणों को न करें नजरअंदाज

यह सारी बीमारी लक्षणों के आस–पास ही घूम रही है। इस वायरस की चपेट में आने से आपको शरीर कुछ लक्षण देता है लेकिन कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं लेकिन अगर आप में आज भी ऐसे कुछ लक्षण दिख रहे हैं तो इसका मतलब है कि आप पहले इस वायरस की चपेट में आ चुके हैं।

1. सिर दर्द होना

आपको बता दें कि कोरोना के लक्षणों में सिर दर्द होना आम लक्षण बताया जा रहा है। और अगर आप में भी सिर दर्द जैसा लक्षण दिखाई दे रहा है तो हो सकता है कि आप पहले इसके संक्रमण में चुके हो। लेकिन आपको इस लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि यह हल्के से काफी भयानक हो सकता है।

2. आंखों में दर्द होना

दूसरा लक्षण है आंखों में दर्द होना। कुछ माहिर आंखों में दर्द होने के पीछे लॉकडाउन में फोन चलाना, लैपटॉप को चलाना बता रहे हैं लेकिन वहीं बुहत सारे ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें आंखों में दर्द की शिकायत देखने को मिली है।

3. मांसपेशियों में दर्द महसूस होना

मांसपेशियों में दर्द की शिकायत महसूस होना एक ऐसा लक्षण है जो बहुत सारे लोगों में देखा गया है। एक स्टडी की मानें तो कुछ लोगों ने एक एक्सपेरिंट में हिस्सा लिया था जिनमें मांसपेशियों में काफी दर्द महसूस हुआ। मांसपेशियों में दर्द की शिकायत उन मरीजों में देखने को मिल रही है जो कोरोना से ठीक हो चुके हैं।

4. सूंघने की शक्ति खत्म हो जाना

सूंघने और स्वाद चखने की शक्ति खत्म होना वो लक्षण है जो पहले से ही डॉक्टर्स बता रहे हैं। कोरोना आने पर ही डॉक्टर्स ने इस लक्षण के बारे में बता दिया था लेकिन बहुत सारे लोगों ने इसे अनदेखा किया हालांकि यह सबसे आम लक्षणों में एक है।

जोड़ दर्द से बचना तो कंट्रोल में रखें यूरिक एसिड, देसी नुस्खे जड़ से खत्म कर देंगे बीमारी

आजकल लोग तेजी से यूरिक एसिड की समस्या का शिकार हो रहे हैं। यूरिक एसिड को कंट्रोल करना भी बहुत जरूरी है क्योंकि आउट ऑफ कंट्रोल होने पर यह गठिए का रुप ले लेता है। परेशानी तब शुरू होती है जब यूरिक एसिड जोड़ों में छोटे–छोटे क्रिस्टल रुप में जमा हो जाता है और यूरिन के रास्ते बाहर नहीं निकल पाता। इसे कंट्रोल करने के लिए आपका खान–पान सही होना बहुत जरूरी है। इसी के साथ कुछ ऐसे रामबाण नुस्खे जो आपको यूरिक एसिड की समस्या होने नहीं देंगे।

कितना होना चाहिए यूरिक एसिड?

सामान्य तौर पर यूरिक एसिड महिलाओं में 2.6–6.0 उहध्कस एवं पुरुषों में 3.4–7.0 उहध्कस होना चाहिए जब इसका लेवल बढ़ने लगता है तो जोड़ों में दर्द और मांसपेशियों में सूजन आने लगती है।

पहले जानिए यह समस्या किन लोगों को होती है...

जो लोग आयरन और प्रोटीन की मात्रा ज्यादा लेते हैं जिन्हें हाई ब्लड प्रैशर, थायराइड की शिकायत है वहीं जो लोग बहुत ज्यादा मोटे हैं उन्हें यूरिक एसिड की समस्या हो जाती है।

बेकिंग सोडा

एक गिलास पानी में आधा चम्मच बेकिंग सोड़ा घोलकर दो हफ्ते पीएं। यूरिक एसिड लेवल कम हो जाएगा।

एप्पल साइडर विनेगर

एक गिलास पानी में दो चम्मच सेब का सिरका मिलाकर दिन में दो बार सेवन करें। इसका सेवन भी लगातार दो हफ्ते करें ।

अजवाइन का पानी

एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवाइन को रातभर भिगो कर रख दें।सुबह इसे खाली पेट पी लें। हफ्तेभर में आपको फर्क देखने को मिलेगा।

आंवला

आंवले का रस एलोवेरा जूस में मिलाकर पिएं लेकिन एक बार चिकित्सक की सलाह जरूर ले लें।

कच्चा पपीता

एक कच्चा पपीता को काट कर 2 लीटर पानी में 5 मिनट के लिए उबाल लें। इस पानी को ठण्डा करके छान लें और फिर दिन में 2 से 3 बार पीएं।

नारियल पानी

नारियल पानी पीएं क्योंकि यूरिक एसिड मरीजों के लिए यह काफी फायदेमंद है।

भरपूर पानी

भरपूर पानी पीएं क्योंकि यूरिक एसिड को बाहर निकालने के लिए यह बेहद जरूरी है इसलिए थोड़ी–थोड़ी देर में पानी पीते रहना चाहिए।

बथुआ का पानी

बथुआ के पत्तों का जूस निकालकर सुबह खाली पेट पीएं। जूस के सेवन के 2 घंटे बाद कुछ ना खाएं। 1 हफ्ता करके देखें आपको फर्क दिखेगा।

ऑलिव ऑयल

खाने के लिए ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करें। इसमें विटामिन ई व अन्य तत्व भरपूर होते हैं जो यूरिक एसिड को कम करने में बेस्ट आयुर्वेदिक दवा है।

अलसी

अलसी के बीज भोजन के आधे घण्टे बाद चबाकर खाएं।

यूरिक एसिड में क्या खाएं

हरी सब्जियां, फल, अंडा, कॉफी, चाय, ग्रीन टी, साबुत अनाज,ओट्स, ब्राउन राइस जौ, सुखे मेवे खाएं

क्या ना खाएं

दही, मांस–मछली, सोया मिल्क और रात को दाल व चावल खाने से परहेज करें।

नया खतरा: दिमाग में मिले 400 खून के थक्के, ठीक होने के बाद कोमा में गया कोरोना मरीज

जहां एक तरह कोरोना के नए स्ट्रेन ने दहशत में डाल दिया है वहीं वायरस को लेकर आए दिन चौंकाने वाली बातें सामने आ रही हैं। दरअसल, हाल ही में दिल्ली में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें कोरोना से रिकवरी के बाद भी मरीज के दिमाग में खून के थक्के बन गए थे। इसके कारण उसकी तबीयत इतनी खराब हो गई कि वह शख्स कोमा में चला गया।

एन्सेफलाइटिस का शिकार हुआ मरीज

डॉक्टरों ने बताया कि जम्मू के रहने वाले इस शख्स को कोरोना के लक्षण महसूस हो रहे थे। निमोनिया और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। वायरस के कारण फेफड़े खराब होने लगे थे, जिसके बाद उसे दिल्ली रेफर किया गया। मरीज की हालत दिन ब दिन बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा। कुछ समय बाद वह कोरोना से ठीक होने लगा था लेकिन वह अचानक कोमा में चला गया।

दिमाग में मिले खून के 400 थक्के

दरअसल, मरीज एन्सेफलाइटिस का शिकार हो गया, जिसके कारण वह कोमा की स्थिति में पहुंच गया। मेडिकल भाषा में इसे कोविड एन्सेफलाइटिस या ल्यूकोएन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इस बीमारी के कारण बैक्टीरियल संक्रमण द्वारा मरीज के दिमाग और रीढ़ में सूजन पैदा होने लगती है। रिपोर्ट के मुताबिक, व्यक्ति के दिमाग में 400 से ज्यादा खून के थक्के थे। हालांकि इलाज के बाद उनकी स्थिति में 50: तक सुधार देखने को मिला। इसके बाद डॉक्टरों ने मरीज को छुट्टी दे दी।

कोरोना से रिकवरी के बाद ब्रेन हैमरेज का डर

रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना से रिकवरी के बाद 50: भारतीय मरीजों में ब्रेन हैमरेज–पैरालिसिस और मिर्गी के मामले देखने को मिल रहे हैं। यही नहीं, कोरोना से ठीक हो चुके मरीजों में थकान, मांसपेशियों में दर्द, सांस लेने में दिक्कत जैसी कोविड कॉम्प्लिकेशन जैसी दिक्कतें भी आ रही हैं।

ब्रेन को कैसे नुकसान पहुंचा रहा कोरोना

दरअसल, कोरोना के कारण मरीज का खून गाढ़ा हो जाता है और ब्लड क्लाटिंग बनने लगते हैं। इससे ब्रेन में ब्रेन में खून और ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं हो पाती, जिससे ब्रेन हैमरेज, पैरालिसिस और मिर्गी के दौरे पड़ना जैसी दिक्कतें हो जाती है। इसे ब्रेन इंफार्क्ट भी कहा जाता है। यही नहीं, कोरोना संक्रमण होने के बाद फेफड़ों और गले में सूजन आ जाती है और 3–5 दिन बाद मरीज का खून गाढ़ा हो जाता है।

अलविदा 2020 : कोरोना से बचने के लिए लोगों ने खूब इस्तेमाल की ये इम्यून बूस्टर चीजें

साल 2020 कोरोना के साएं में ही बीता। इससे बचने के लिए दुनियाभर में लॉकडाउन लगाया गया। ऐसे में लोगों को अपने ही घरों में कैद होना पड़ा। साथ ही शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए इम्यूनिटी से भरपूर चीजों को डाइट में शामिल किया। ताकि कोरोना की चपेट में आने से बचा जा सके। आज साल का आखिरी दिन है। ऐसे में आज हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताते हैं, जिस 2020 में लोगों द्वारा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में ये चीजें इम्यून बूस्ट फूड कहलाई। तो आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से...

नींबू पानी

2020 साल में नींबू पानी इम्यूनिटी बूस्टर ड्रिंक के नाम से खूब चर्चा में रही। इसमें विटामिन सी, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–वायरल, एंटी–बैक्टीरियल गुण होने से मौसमी बीमारियों से बचाव रहता है। ऐसे में एक्सपर्ट्स द्वारा भी इसे डेली डाइट में शामिल करने की सलाह दी गई।

हल्दी

हल्दी में विटामिन, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल, एंटी–इंफ्लामेट्री और औषधीय गुण होते हैं। ऐसे में इसके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ने में मदद मिलती है। इसलिए 2020 में हल्दी वाला दूध और पानी लोगों द्वारा खूब पीया गया।

गिलोय

गिलोय में पोषक व औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होने के साथ मौसमी बीमारियों से बचाव रहता है। ऐसे में कोरोना कहर से बचने व अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए लोगों ने इसका खूब सेवन किया। साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसके फायदों की खूब चर्चा हुई। इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–वायरल आदि गुण होने से बीमारियों से बचाव रहता है। साथ ही यह बॉडी को डिटॉक्स व खून साफ करने में मदद करता है।

आंवला

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आंवले का सेवन करना भी कोरोना काल में बेस्ट माना गया। इसमें विटामिन ए, सी, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल, एंटी–इंफ्लामेट्री गुण होते हैं। इसे कच्चा, अचार या मुरब्बा के तौर पर सेवन करने से बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। साथ ही मौसमी बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कई गुणा कम हो जाता है।

काली मिर्च

काली मिर्च तो हर घर में आसानी से मिलने वाला मसाला है। रिसर्च के अनुसार, इसे डाइट में शामिल करने से शरीर की

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने में मदद मिलती है। ऐसे में इसे सब्जी, सलाद, फलों व काढ़े में डालकर खूब खाया गया।

नए वर्ष में देश को नई उम्मीद व नए विश्वास की सख़्त ज़रूरत : मायावती

लखनऊ,(यूएनएस)। बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश व विदेश में रहने वाले समस्त भारतीय भाई–बहनों को नये वर्ष सन् 2021 की हार्दिक बधाई व अनेकों शुभकामनाएं देते हुये केन्द्र व राज्य सरकारों से सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की सही व स्वच्छ नीयत व नीति के साथ काम करने की सलाह दी है ताकि नया वर्ष वैसा दुष्कर व अति–कठिनाइयों वाला कतई न गुजरे जैसाकि खासकर बीता पूरा वर्ष हर प्रकार से अति–संकटों व जान का अति–जंजाल वाला गुजरा है। नए वर्ष में देश को नई उम्मीद व नए विश्वास की सख़्त ज़रूरत जिसके प्रति सरकारें गंभीर हों तो यह उचित होगा। मायावती ने आज अपने नववर्ष पर बधाई बयान में कहा कि सन् 2020 कोरोना वायरस महामारी के कारण लोगों के लिए भारी मुसीबतों भरा काफी घातक वर्ष रहा है, जिसमें सरकारों की खासकर जनहित व जनकल्याण सम्बंधी उनकी वास्तविक सोच व कार्यशैली की कड़ी परीक्षा हुई और इसमें आम धारणा के अनुसार केन्द्र व राज्य सरकारें ज्यादातर अकुशल ही साबित होकर जनता को बहुत निराश किया, जिसका क्रम आगे भी जारी न रहे तो बेहतर। वैसे तो देश में केन्द्र व राज्यों में चाहे कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो या फिर अब वर्तमान में बीजेपी आदि की, देश के करोड़ों गरीबों, मजदूरों, किसानों व अन्य मेहनतकश जनता का जीवन लगातार परेशान, बदहाल व त्रस्त ही रहता है, लेकिन कोरोना विपदाकाल में कुछ मुट्ठीभर लोगों को छोड़कर बाकी समस्त लगभग 130 करोड़ सर्वसमाज के लोग ऐसे पीड़ित हुए हैं जिससे सही, ईमानदार व संवदेनशील सरकारी प्रयासों के बिना उबर पाना बहुत ही मुश्किल होगा। बीते पूरे वर्ष में चाहे कोरोना लॉकडाउन की जबर्दस्त सख्ती व पाबन्दी रही हो या फिर उस दौरान हर तरफ छाई आमजन की बदहाली व अव्यवस्था देश की जनता पूरे समय त्राहि–त्राहि करती हुई दिखी। ऊपर से जगह–जगह पुलिस व प्रशासन की अमानवीय बर्बरता के रुप में लगभग इमरजेंसी जैसे हालात ने लोगों को जानी, माली के साथ–साथ दिली तकलीफ भी पहुँचाई है, जिसकी तीव्र निन्दा व भर्त्सना आदि के लिए बार–बार बाध्य होना पड़ा। इसी दौरान चीन के साथ लद्दाख में खूनी संघर्ष की भी अति–दुःखद घटना घटी जिसमें कर्नल सहित 20 सैनिक शहीद हुये। इस घटनाक्रम ने पूरे देश को विचलित कर दिया। इससे सबक सीख कर बिना समय गवांए हुए भारत को एक अति–विश्वसनीय नीति बनाकर देश की विदेश नीति को नया आयाम देने की सख्त जरूरत है। इस सम्बंध में केन्द्र सरकार से माँग है कि अब भारत की अपनी तैयारी मामूली नहीं बल्कि उसका सही ढंग से सामना करने की सुविचारित व दीर्घकालीन नीति व तैयारी होनी चाहिये और ऐसे में अपने देश की आत्मनिर्भरता मात्र एक राजनीतिक स्लोगन व छलावा नहीं होना चाहिये, जैसाकि वर्तमान में इसका राजनीतिक हथियार के तौर पर ज्यादा इस्तेमाल होता हुआ दिख रहा है। मायावती ने कहा कि देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी व घोर स्वार्थ की राजनीति के कारण उपजी अस्थिरता व अव्यवस्था आदि से जो हर तरफ अफरातफरी मची हुई है उससे करोड़ों आमजनता का जीवन अति–त्रस्त है व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी जो चुनौतियाँ काफी बढ़ी हैं उसका मुकाबला केवल सरकारी स्तर पर नहीं बल्कि पूरे देश को साथ में मिलकर व मिलाकर ही किया जा सकता है। इसलिए समय की माँग है कि बीजेपी व इनकी केन्द्र सरकार अपना निरंकुश व द्वेषपूर्ण कार्यशैली का परित्याग कर आगे काम करे। देश की आत्मनिर्भता के लिए अति–आवश्यक जो आत्म–विश्वास व उम्मीद देश की जनता में जागृत होनी चाहिए वह केन्द्र व यूपी सहित राज्य सरकारें अपनी संकीर्ण जातिवादी व साम्प्रदायिक सोच व कार्यकलापों के कारण सही तौर पर पैदा नहीं कर पा रही हैं तो इसमें अन्य किसी का क्या दोष?इनकी इसी प्रकार की सोच व कार्यशैली का परिणाम है कि बीता वर्ष सन् 2020 के प्रारम्भ में जो जन आक्रोश व चुनौतियाँ देश व सरकार के सामने थी उससे भी काफी बड़ी व कठिन चुनौतियों का सामना नए वर्ष में देश को करना पड़ रहा है, जिससे अब निश्चय ही सचेत होने की जरूरत है। गुजरे सन् 2020 में नया नागरिकता संशोधन कानून अर्थात सी.ए.ए. के आविष्कार व उसकी एन.आर.सी. आदि से सम्बद्धता से देश आन्दोलित था तो आज सन् 2021 में उससे कहीं बड़ी कोरोना की महामारी की जानलेवा समस्या के साथ–साथ खेती–किसानी से सम्बन्धित तीन नये "कृषि कानून" के विरुद्ध आक्रोश व आन्दोलन से संक्रमित व पीड़ित है। ऐसे में देश की समस्त एकता व ऊर्जा को संकलित करके देश में पूँजी व संसाधन के विकास को एकत्र करके आत्मनिर्भर भारत को नई दिशा व आयाम देने की जरुरत है, लेकिन वर्तमान में केन्द्र सरकार का रवैया अभी तक देशहित में सही समाधान नहीं दे पा रहा है और ऐसे में कृषि मामलों में आत्मनिर्भर भारत को जो क्षति हो रही है, वह दुःखद व अति–चिन्ताजनक है। इतना ही नहीं बल्कि अपनी कमियों पर से लोगों का ध्यान बांटने के लिये यूपी की सरकार द्वारा "लव जिहाद" व धर्मान्तरण–विरोध के सम्बन्ध में निरंकुशता के अनोखे प्रावधानों के साथ आपाधापी में अध्यादेश लाकर ही पुलिस राज का जो अनुचित इस्तेमाल हो रहा है वह रजनीतिक एजेण्डे का ही काम ज्यादा लगता है। ऐसे में सरकार की नीयत व नीति द्वेष, भेदभाव व विभाजन को बढ़ावा देकर समाज को बांटने की ज्यादा है, जो अब यह दूसरे प्रदेशों में भी फैलकर अति–घातक होती जा रही है। इस सम्बंध में खासकर यूपी सरकार द्वारा जो निरंकुश व अहंकारी प्रयास चल रहा है उसपर देश भर में तीव्र व तीखी प्रतिक्रियायें स्वाभाविक ही हैं। यहाँ कानूनों के घोर अनुचित व द्वेषपूर्ण प्रयोगों के साथ–साथ बात–बात पर राष्ट्रीय सुरक्षा व देशद्रोह आदि कानून का विद्वेषपूर्ण मुकदमा ढड़ल्ले के थोपा जा रहा है उससे न्यायपालिका भी काफी चिन्तित दिखती है। कालेज में भ्रष्टाचार से आजादी की माँग करने पर भी अयोध्या के छात्रों पर जब यहाँ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो जाए तो लोग उसे जंगलराज का उदाहरण नही तो और क्या कहेंगे? ऐसी यहाँ सैंकडों मिसालें हैं। वास्तव में कुल मिलाकर देखा जाए तो बीजेपी व इनकी केन्द्र व यूपी सहित अन्य राज्य सरकारें ज्यादातर उसी प्रकार की विश्वसनीयता के अभाव से गुजरनी शुरू हो गयीं हैं जिस प्रकार की बदहाली से यूपीए–2 अपने अन्तिम वर्षों में गुजर रही थी। इसलिए सरकार देश व आमजन के हित में अपना रवैया बदले तो यह उचित होगा ताकि नए वर्ष सन् 2021 में देश का सही में कुछ भला हो सके।

कासिम सुलैमानी और अबू मेह्दी अल–मुहन्दिस की पहली बरसी पर मजलिस आज

लखनऊ,(यूएनएस)। शहीद जनरल कासिम सुलैमानी और शहीद अबू मेहदी अल–मुहन्दिस की पहली बरसी के अवसर पर, मजलिसे उलेमा–ए–हिंद द्वारा 2 जनवरी 2021 को छोटे इमामबाडे में मजलिसे बरसाी का आयोजन किया जायेगा। मजलिस ठीक 1 बजे शुरू हो जोयेगी जिसे मौलाना कल्बे जवाद खिताब करेंगे। इस कार्यक्रम में, विभिन्न धार्मिक विद्वान इस्लाम के शहीदों के जीवन और उनकी शहादत के बाद की स्थिति पर तकरीर करेंगे। इसके बाद, शायर अपना कलाम पेश करेंगे। मजलिसे बरसी से मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी संबोधित करेंगे। मालूम रहे कि जनरल कासिम सुलेमानी और कमांडर अबू मेहदी अल– मुहन्दिस को पिछले साल इराकी हवाई अड्डे के बाहर एक कायरतापूर्ण हमले में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा धोखे से शहीद कर दिया गया था। इस वर्ष, शहीद जनरल कासिम सुलैमानी और शहीद अबू मेहदी अल–मुहन्दिस की पहली बरसी पर पूरी दुनिया में मनाई जा रही है। मजलिसे उलेमा–ए–हिंद ने अवाम से अपील की है कि वह इस मजलिसे बरसी में बडी संख्या में हिस्सा लें और अमेरिकी तानाशाही और आतंकवाद के खिलाफ इकट्ठा होकर अपने दुख और गुस्से का इजहार करें और इस्लाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दें।

अगले एक हफ्ते जमा देगी ठंड, बर्फीली हवा और बारिश के चलते जीरो डिग्री पर पहुंचेगा पारा

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट बदली है। बर्फीली हवाओं और कोहरे ने कड़ाके की ठंड का अहसास कराया है। बीते तीन दिनों से पूरे प्रदेश में ठंडी हवाओं की मार है। सुबह घनघोर कोहरा भी छाया रहता है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम पारे में गिरावट भी जारी है। बादलों की आवाजाही के चलते इन दिनों धूप भी ठीक से नहीं नकल रही। वहीं इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले एक हफ्ते तक बारिश का भी आलर्ट जारी किया है। ऐसे में पारा और नीचे जाना तय है। कई जगह तो पारा जीरो डिग्री तक भी पहुंच जाएगा। वहीं नए साल के पहले दिन ही बर्फीली हवाएं गलन में इजाफा हुआ। लोग दिनभर किटकिटाते रहे। राजधानी के अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक जेपी गुप्ता के मुताबिक अब ठंड ज्यादा बढ़ेगी। पाकिस्तान और जम्मू–कश्मीर के पास विक्षोभ बन रहा है। ऐसे में यूपी में मौसम तेजी से करवट बदल रहा है। पूरे यूपी के अधिकांश जिलों में बादलों का डेरा रहेगा। कहीं–कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। दो जनवरी से लखनऊ और आस–पास के जिलों में बादलों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। जबकि तीन जनवरी से पांच जनवरी तक लखनऊ समेत कई इलाकों में हल्की बारिश के भी आसार हैं। इस दौरान ठंडी हवा भी चलेगी और अधिकतम के साथ–साथ न्यूनतम पारा में भी तेजी से नीचे गिरेगा। इसके अलावा पहाड़ों में हिमपात के कारण भी कड़ाके की ठंड और शीतलहर के साथ ही कोहरे का कहर भी जारी है। जबकि यूपी के कई जिलों में तापमान जमाव के करीब पहुंच गया और न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री रहा। साथ ही बाकी जिलों का पारा भी लुढ़का है। मौसम वैज्ञानिक अगले कुछ दिनों तक तापमान के और नीचे जाने की संभावना जता रहे हैं।

सिल्क एक्सपो का उद्घाटन, 19 तक चलेगा

लखनऊ,(यूएनएस)। सृजन फाउंडेशन द्वारा कथा मैदान, आशियाना में आयोजित किए जा रहे उत्तर प्रदेश महोत्सव के अंतर्गत नेशनल आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्सपो का उद्घाटन शुक्रवार को प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा दयाशंकर सिंह, महापौर नगर निगम लखनऊ संयुक्ता भाटिया, विधायक कैंट सुरेश चंद्र तिवारी, अध्यक्ष भाजपा लखनऊ मुकेश शर्मा, नगर महामंत्री भाजपा पुष्कर शुक्ला, पार्षद आशियाना कमलेश सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। संस्था सचिव अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि सृजन फाउंडेशन एवं विमलेश्वरी हस्तकला एसोसिएट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह सिल्क एक्सपो 19 जनवरी तक चलेगा। पूरे भारतवर्ष से सिल्क के कपड़ों को बिक्री के लिए लाया गया है। इस अवसर पर डॉ अमित सक्सेना, आशीष गुप्ता, विनय दुबे, सुमित भौमिक, मनोज सिंह चौहान, मोहित श्रीवास्तव, कुमार विक्रांत, नीरज यादव आदि उपस्थित रहे।

अयोध्याजी की तर्ज पर विकसित हो लक्ष्मणपुरी

लखनऊ,(यूएनएस)। मार्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण की नगरी लक्ष्मणपुरी को अयोध्याजी की तरह ही वैश्विक नगरी की तरह विकसित करने की मांग स्थानीय संगठनों ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार 1 जनवरी को की।

गरीबों के आवास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा लाइट हाउस प्रोजेक्ट: मुख्यमंत्री

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शहरी गरीबों को टिकाऊ और आपदारोधी आवास उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश सरकार को सफलता मिली है और इस दिशा में लाइट हाउस प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अवध विहार योजना, शहीद पथ, लखनऊ में 131 करोड़ रुपए की लागत की परियोजना लाइट हाउस प्रोजेक्ट (एलएचपी) के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया। देश में छह राज्यों में ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चौलेंज इंडिया (जीएचटीसी इंडिया) की नींव और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के वितरण कार्यक्रम में दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद पथ स्थित अवध विहार योजना में प्रस्तावित प्रोजेक्ट से लाइव जुड़े। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सबके लिए आवास की इस योजना में शहरी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में अब तक 17 लाख 58 हजार परिवारों को एक–एक आवास आवंटित किया गया है, जिसमें छह लाख 15 हजार आवास पूर्ण होकर गरीब परिवारों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं और 10 लाख 80 हजार आवास निर्माण की प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरी प्रतिबद्धता और समयबद्धता के साथ आवासहीन गरीबों को आवास उपलब्ध कराने में सफल हुई है। यह टिकाऊ और आपदारोधी तकनीक से बन रही है। एलएचपी के लिए उत्तर प्रदेश का चयन मॉडल के रूप में किया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ में पांच टावर्स में 14 मंजिल में कुल 1040 आवासों का निर्माण किया जाएगा जो अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और भूकंपरोधी होंगे। प्रवक्ता के मुताबिक लखनऊ के 1040 शहरी गरीबों को मात्र पौने पांच लाख में 415 वर्गफुट एरिया का फ्लैट अगले साल सौंपा जाएगा। इसकी कीमत 12 लाख 59 हजार होगी, इसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से सात लाख 83 हजार रुपए अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। शेष धनराशि चार लाख 76 हजार ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थी को देने होंगे। फ्लैट का आवंटन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अनुसार किया जाएगा और डूडा के माध्यम से डीएम की अध्यक्षता में खुली लॉटरी कराई जाएगी। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने शहरी कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए पांच अन्य राज्यों समेत उत्तर प्रदेश में लखनऊ को लाईट हाउस प्रोजेक्ट के तहत आवास बनाने के लिए चुना है। शहीद पथ स्थित अवध विहार योजना में बनने वाले एलएचपी का क्रियान्वयन 34.50 वर्ग मीटर कारपेट एरिया में किया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार भवन निर्माण सम्बन्धित अनुसंधान संस्थाओं, छात्रों, प्रौद्योगिकी संस्थाओं, वास्तुविदों और अभियंताओं में नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिस कारण निर्माण कार्य करीब एक साल में पूरा हो सकेगा।

मुल्कों के बीच इंसान की खींची सरहद की परवाह पंछी, नदियां और पवन के झोंके नहीं करते। यह पंक्ति हस्तिनापुर अभ्यारण्य में आने वाले प्रवासी पक्षियों पर सटीक बैठती है। सरहद और सियासी बंदिशों को लांघकर प्रवासी पक्षी अभ्यारण्य पहुंच रहे हैं। सर्दी के चार माह यहां बिताने के बाद मार्च में ये पक्षी अपने वतन लौट जाएंगे। इन प्रवासी पक्षियों को देखने के लिए नए वर्ष पर विभिन्न राज्यों से पर्यटक एवं पक्षी प्रेमी यहां पहुंच रहे हैं।

नए साल के आगमन पर गरीबो की तरफ बढ़े हेल्पिंग हैंड्स

गरीबो को बाटे नए कपड़े और कम्बल मिठाई खिला कर दी नव वर्ष की शुभकामनाए

लखनऊ,(यूएनएस)। हर वर्ष की तरफ इस वर्ष 31 दिसम्बर की रात जब पूरे देश के लोग नए साल 2021 के स्वागत के लिए नए लिबास और नए अन्दाज मे स्वागत करने के लिए हजारो रूपए खर्च कर जश्न मे डूबे हुए थे तभी पुराने लखनऊ के कुछ नौजवान ऐसे भी अपने घरो से निकल कर बाहर आए जिन लोगो ने 31 दिसम्बर की सर्द रात मे सड़क के किनारे और झोपड़ पटटी मे रात गुजारने वाले सैकड़ो गरीबो को गर्म नए कपड़े पहना कर और उन्हे ठन्ड से बचाने के लिए कम्बल उढ़ा कर उन्हे नए साल की मुबारकबाद दी । हेल्पिंग हैंड्स की टीम के लोगो ने गरीबो के साथ केक कट कर नए साल की खुशिया मनाई और बच्चो के संग केक खाया। 31 दिसम्बर 2020 की रात हेल्पिंग हैंड्स सगंठन के सैय्यद रजा रिजवी अपनी टीम के साथ रात करीब 09 बजे गर्म नए कपड़े और कम्बल लेकर निकले और सर्द रात मे सड़क के किनारे रात गुजाने वाले लोगो को गर्म कपड़े पहना कर उन्हे कम्बल उढ़ा कर उनहे नए साल की मुबारकबाद दी हेल्पिंग हैंड्स की टीम ने गरीबो को नए साल की खुशी मे मिठाई भी बाटी। ज्ञात रहे कि हेल्पिंग हैंड्स प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर को गरीबो के साथ नए साल के जश्न का प्रोग्राम करता है। शहर की झोपड़ पटिटयो मे और सड़को पर रात गुजारने वाले लोगो की मदद के इरादे से निकली हेल्पिंग हैंड्स की टीम ने चौक, ठाकुरगंज, नदावा रोड डालीगंज, महानगर, खदरा , हजरतगंज , हुसैनगंज, आलमबाग , मवैया आदि कई इलाको मे घूम घूक कर सर्द रात मे मुशकिल से रात गुजार रहे गरीबो को तलाश कर सैकड़ो गरीबो के बच्चो को नए गर्म कपड़े पहना कर उन्हे गर्म कम्बल देकर गले लगाया और उन्हे साल 2021 की मुबारकबाद पेश की। वैसे तो गरीबो की मदद के लिए देश मे तमाम संस्थाए है जो गरीबो के लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।

संक्षिप्त समाचार

साल के पहले दिन मंदिर पहुंचे भक्त, भगवान का आशीर्वाद लेकर किया नए साल का स्वागत

लखनऊ,(यूएनएस)। साल 2021 की शुरुआत हो चुकी है। आज देशभर में साल का पहला दिन सेलिब्रेट किया जा रहा है। देशभर में सभी लोग एक–दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ राजधानी में आज लोगों ने मंदिरों में जाकर भगवान का आशीर्वाद लेकर नए साल के पहले दिन की शुरुआत की। राजधानी के प्रतिष्ठित मंदिरों के बाहर लोगों की कतारें नजर आई। राजधानी के हनुमान सेतु मंदिर में भक्तों ने नए साल के पहले दिन पूजा अर्चना की गयी जहाँ बड़ी संख्या में सुबह से भक्तों का ताँता लगा रहा। इस दौरान भक्तों ने कहा कि साल में एक बार वह मंदिर में दर्शन के लिए जरुर जाते और हम आशा करते हैं कि इस साल जल्द ही कोविड की वैक्सीन मिल जाए। उधर, भक्त बड़ी संख्या में नव वर्ष पर डालीगंज सस्थित मनकामेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना करने की लिए पहुंचे। भक्तों ने बताया कि उन्होंने साल के पहले दिन यहां आने की कामना की थी। साथ ही उन्होंने कोरोना वायरस संकट को जल्द खत्म करने की प्रार्थना की है।

पत्रकार एसोसिएशन ने जरूरतमंदों को कंबल बाँटकर की नववर्ष की शुरुआत

लखनऊ,(यूएनएस)। अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करते हुए उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन ने नव वर्ष 2021 के प्रथम दिन जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर के नए साल के पहले दिन संस्था के कार्यालय पर कुछ जरूरतमंदों को कंबल बाँटकर शुरुवात की उसके उपरांत शहर के कई हिस्सों में जाकर गरीब और बेसहारा लोगो को नववर्ष के मौके पर उनको कंबल देकर उनकी मदद की। कंबल पाकर तमाम जरूरतमंदों के चेहरे खिल गए। पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद एवं सचिव जुबेर अहमद ने कहा कि पत्रकारों की हमारी यह संस्था समय–समय पर गरीब बेसहारा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती है हमें जरूरतमंदों की मदद करके दिली खुशी होती है। आगे भी हम गरीब जरूरतमंदों की यथासंभव मदद करते रहेंगे।

डाबर ने "डाबर रेड पुलिंग ऑयल", एक प्रभावी आयुर्वेदिक माउथवॉश लॉन्च किया

लखनऊ,(यूएनएस)। भारत की प्रमुख विज्ञान–आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज डाबर रेड पुलिंग ऑयल, एक नए आयुर्वेदिक माउथवॉश के लॉन्च के साथ माउथवॉश श्रेणी में प्रवेश की घोषणा की। दांत और मसूड़ों के लिए इस आयुर्वेदिक डिटॉक्स का लॉन्च भारत में आयुर्वेदिक उत्पाद इंडस्ट्री के लिए अपनी तरह का पहला उत्पाद है। अपने प्रमुख आयुर्वेदिक टूथपेस्ट ब्रांड और भारत में नंबर 1 आयुर्वेदिक टूथपेस्ट ब्रांड डाबर रेड के तहत डाबर रेड पुलिंग ऑयल एक इंडस्ट्री–प्रथम इनोवेशन के साथ हर रोज ओरल केयर के मानक को बढ़ाता है। इस नए उत्पाद के लॉन्च की घोषणा करते हुए हरकवल सिंह, हैड, ओरल केयर, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा कि "डाबर रेड पुलिंग ऑयल एक आयुर्वेदिक माउथवॉश है जिसमें प्राकृतिक तेल और जड़ी–बूटियां हैं और अल्कोहल नहीं है। यह उत्पाद आयुर्वेदिक शास्त्रों में परिभाषित एक प्रक्रिया कावाला–गंडुशा थैरेपी पर आधारित है और एक तेल आधारित ओरल डिटॉक्स उत्पाद को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करता है। इसमें नारियल तेल होता है, जो मसूड़े की सूजन और प्लेक को रोकता हैय तिल का तेल, जो दांतों और मसूड़ों को मजबूत करता हैय खराब सांस को रोकने के लिए तुलसीय लौंग, जो दांत दर्द को कम करने में मदद करती हैय दालचीनी तेल जो गले की खराश में राहत देता है। इसके साथ ही इसमें थाइम पुदीना भी है जो कि दांतों की सड़न को रोकता है। इसके ओरल केयर लाभों के अलावा, इस थैरेपी को बेहतर स्वास्थ्य, हार्मोनल संतुलन और डिटॉक्सिफिकेशन के साथ स्वास्थ्य समस्याओं से राहत प्रदान करने के लिए भी जाना जाता है। डाबर रेड पुलिंग ऑयल दांतों और मसूड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है, और 99.9 प्रतिशत कीटाणुओं को मारता है, और संपूर्ण ओरल केयर प्रदान करता है।"195 मिलीलीटर के पैक के लिए 275 रूपए की कीमत पर, डाबर रेड पुलिंग ऑयल शुरूआत में सभी प्रमुख ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और जल्द ही नियमित खुदरा चौनलों के माध्यम से भी उपलब्ध करवाया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि "हमारी 136 साल की विरासत और आयुर्वेद के ज्ञान के साथ, डाबर ने समग्र मौखिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इस सफल इनोवेशन को लॉन्च किया है। व्यापक शोध के बाद विकसित, यह दांतों और मसूड़ों के मौखिक और समग्र कल्याण दोनों के लिए एक दैनिक थैरेपी है। डाबर रेड पुलिंग ऑयल शुद्ध और प्राकृतिक सामग्री के साथ बनाया गया है और दंत संबंधित समस्याओं के लिए एक पूर्ण समाधान है।"

नए साल के उल्लास में डूबी राजधानी

लखनऊ,(यूएनएस)। नववर्ष की पूर्व संध्या पर राजधानी में हर तरफ जश्न का माहौल रहा। कोरोना संक्रमण को लेकर सभी जगहों पर एहतियात बरती गई। लोगों ने वर्ष 2020 की विदाई कर नववर्ष का स्वागत विभिन्न कार्यक्रम से किया। रात के 12 बजते ही राजधानी में पटाखे की आवाज कई घंटे तक गूंजती रही। नववर्ष के स्वागत में राजधानी वासी लीन रहे। वृद्ध, युवा समेत बच्चे भी नववर्ष मनाने के लिए उत्सुक थे। जगह–जगह लोग अपने दोस्तों व शुभचितकों के बीच पार्टी का आयोजन कर रहे थे। मंदिरों में अखंड संकीर्तन का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठण्ड के बावजूद लोग नाए साल की मस्ती में मस्त दिखे राजधानी के प्राणी उद्यान में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दर्शकों का शैलाब उमड़ा रहा इसी तरह समस्त पार्कों में दोपहर लोगों ने परिवार के साथ पिकनिक की रात बारह बजते ही लोगो ने एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर कह कर विश किया।

नववर्ष पर राज्यपाल ने जारी किये गाइडलाइन, मास्क का प्रयोग करते हुए नववर्ष का आनंद लें

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नववर्ष के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके मंगलमय, रोगमुक्त व स्वस्थ्य जीवन की कामना की है। नववर्ष पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि नववर्ष सभी के लिये सुख, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण हो। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सावधान और सतर्क रहें, भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए नववर्ष का आनंद लें।

अपहृत बालक को बरामद करने में कामयाब रही पटहेरवा पुलिस

अमित रेखा–अल्केन्द्र पाण्डेय
तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा पुलिस की मुस्तैदी तथा पुलिस कप्तान के दिशा–निर्देशन में अपहत बालक कसया ओवरब्रिज के पास बरामद।अपहत बालक को पाकर बालक की मां सहित परिजन दे रहे प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा अतुल्य कुमार पाण्डेय सहित जनपद के आला पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद। क्षेत्रीय लोगों में पुलिस के प्रति बढ़ा बिश्वास। बताते चलें कि पटहेरवा थाना क्षेत्र के सरेया बुजुर्ग के टोला रामकोला चट्टी निवासी अजीत वर्मा उर्फ मिंटू का आठ वर्षीय पुत्र आदित्य वर्मा का अपहरण अज्ञात लोगों द्वारा दो दिन पूर्व सम्राट एजुकेशनल एकेडमी हौदा नारायनपुर से कोचिंग क्लास कर घर वापसी के दौरान कर लिया गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के उपरांत जब बालक का कहीं अता–पता नहीं लगा तो अपहत बालक की मां सविता देवी ने किसी अनहोनी के आशंका के मद्देनजर अपहरण की लिखित शिकायत एस एच ओ पटहेरवा अतुल्य कुमार पाण्डेय से की। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के पश्चात प्रत्यक्षदर्शीयो से क्लू हासिल कर प्रभारी निरीक्षक अपने मिशन में लग गए। आज उसी मिशन को पूर्ण कर अपहत बालक को बरामद कर परिजनों को सौंप कर पिड़ित परिवार सहित क्षेत्रीय लोगों में पुलिस के मानवीय मूल्यों को परिभाषित करते हुए अन्य पुलिस कर्मियों के लिए मिशाल कायम किए प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा अतुल्य कुमार पाण्डेय।

लोगो ने किया पूजा अर्चना

अमित रेखा मण्डल अयोध्या। अयोध्या हनुमानगढ़ी महंत श्री राजू दास जी महाराज महाबली के दरबार नव वर्ष पर दीपक दास महाराज अखिलेश दास अजय सिंह समस्त लोगों ने जीवन

की हनुमान जी महाराज से मनोकामना की प्रार्थना कर पूजन किया इस अवसर पर अयोध्या महंत राजू दास जी महाराज लोगों को आशीर्वाद और जीवन की खुशियों में भगवान श्री राम प्रभु का आशीर्वाद कनक भवन मणिरामदास छावनी सरजू भैया का आज धार्मिक स्थलों पर पूजा अर्चना करते हुए इस अवसर पर अयोध्या महंत श्री राजू दास जी महाराज ने मानवता का धर्म और कर्तव्य की ओर अग्रसर होने वाले आप लोगों की आपने धर्म का पालन लगे रहो यही ईश्वर से कामना है।

गुरु महाराज का लोगो ने किया दर्शन

अमित रेखा मण्डल अयोध्या। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नृत्य गोपाल दास जी महराज को अयोध्या मणिराम दास छावनी श्रीजानकी दास जी महाराज परिसर में आज गुरु महाराज को लोगों का दर्शन सौभाग्य प्राप्त हुआ इस अवसर पर महाराज जी ने श्री राम मोहन दास त्यागी जी महाराज को जन्मदिन का भी आशीर्वाद दिया लोगों ने महाराज जी को स्वास्थ्य होने की भगवान श्री राम प्रभु से महाबली हनुमान जी महाराज से यही कामना की हमारे गुरुदेव भगवान महाराज जी लोगों ने स्वस्थ होने का कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह एडवोकेट बाराबंकी अजय सिंह अंकित सिंह राजपूत एडवोकेट मनोज कुमार सिंह अयोध्या फैजाबाद अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं!

'भावी प्रधान प्रत्यासी'

गणेश यादव

ग्राम–रावतडांडी–पोस्ट बसियाखोर – खजनी– गोरखपुर
ब्यूरो सत्यप्रकाश यादव गोरखपुर

बयानबाजी नहीं क्षेत्र में विकास कार्यो को करने में विश्वास रखता हू:साडीं विधायक

अमित रेखा हरदोई। ये बात सांडी विधायक प्रभाष कुमार ने शुक्रवार को नववर्ष के आगमन के परिपेक्ष्य में सुरसा विकास खंड के भूडपुरवा मजरा खजुरहरा गांव में लोगों के साथ बैठक के दौरान कही,बैठक के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से विकास के नाम पर हर समय तत्पर रहने की बात भी कही। प्रभाष कुमार ने पहले तो बैठक में मौजूद सभी क्षेत्र वासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी,इस दौरान विधायक ने कहा की देश व प्रदेश की भाजपा सरकार में सभी क्षेत्रों में विकास को नया आयाम मिला है और मिल रहा है,इसी लिए वह भी अपने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए हर समय तत्पर है,उनका कहना था की वह नेताओं की तरह केवल भाषण बाजी नहीं करते काम को महत्व देते हैं।अपने बचपन के दिनों को जिक्र करते हुए विधायक प्रभाष कुमार ने बताया की वह बचपन से संकोची स्वभाव के थे,इसलिए वह नेताओं की तरह बेवजह की बयानबाजी नहीं करते ,बचपन में जब वह नेताओं के भाषणों को सुना करते थे, किस तरह अधिकतर नेता केवल बयानबाजी ही करते थे , जबकि हकीकत में कुछ नहीं ,मैंने उसी समय सोचा था की अगर जनप्रतिनिधि नेता बना तो नेताओं की तरह बयानबाजी की बजाय क्षेत्र में काम करके दिखाऊंगा,और आज मैं काम करने में विश्वास करता हूं, बयानबाजी में नहीं। विधायक ने साथ ही गांव में बने नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन भी किया।इस मौके पर मौजूद रहे खंड विकास अधिकारी सुरसा डाक्टर रामप्रकाश ने भी खजुरहरा क्षेत्र में हर प्रकार के विकास कार्यों में मदद का भरोसा दिया ,बैठक का संचालन सत्यपाल सिंह जी ने किया ।इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी धनंजय मिश्रा कृष्णकुमार द्विवेदी संजय मिश्रा वीरेश यादव तोताराम यादव बहाउद्दीन सिद्दीकी दिनेश मनोज वर्मा कमलाकान्त दीक्षित ज्ञानू द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

सहजनवा गोरखपुर गैलेंट सरिया के मालिक द्वारा गुंडई जबरदस्ती से पीडब्ल्यूडी की सड़क कब्जा

'अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव'
ब्यूरो गोरखपुर। सहजनवा गोरखपुर गैलेंट सरिया के मालिक द्वारा गुंडई जबरदस्ती से पीडब्ल्यूडी की सड़क कब्जा की जा रही है एवं रेलवे के नाले को पूरी तरीके से पाट दिया गया है स्थानीय ग्रामीणों के साथ सपा नेता मनोज यादव पूर्व प्रत्याशी समाजवादी पार्टी विधानसभा 324 सहजनवा ने स्थल पर ही धरना प्रदर्शन करने का काम किया और ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए श्री मनोज यादव ने कहा कि गैलेंट सरिया फैक्ट्री के मालिक रेलवे के नाले को पूरी तरीके से पाट दिया गया हैं जबकि सैकड़ों गांवों से ऊपर बखीरा तक का पानी इसी रास्ते से होकर के आमी नदी में जाकर के गिरता है और पीडब्ल्यूडी की सड़क को कब्जा करना चाहते हैं ग्रामीणों के लगातार चल रहे आंदोलन को दबाने के लिए फैक्ट्री के मालिक ने सैकड़ों की संख्या में गुंडे बुलाकर के लाठी–डंडे से लैस गुंडे की बाउंड्री को कब्जा कराने के लिए बाउंड्री चला रहे थे जिसको ग्रामीणों ने रोका ऊपर से सहजनवा तहसील के एसडीएम सीधे तौर से जिम्मेदारी फैक्ट्री के मालिक का साथ देते हुए गांव के ग्रामीणों को धमका रहे हैं और जबरदस्ती पुलिस बुला करके मंजीत सिंह को बैठा रहे हैं।

यह तानाशाही नहीं चलेगी, हम सभी जिलाधिकारी एवं मण्डलाआयुक्त से मांग की गई है कि जो सड़क एवं नाला रहीमाबाद से होते हुए संतकबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर को जोड़ती है यह सड़क जैसे हाल है और रेलवे का जो नाला सैकड़ों से गांव का पानी गिरता है फैक्ट्री के मालिक रेलवे के नाले को पाट करके उन्होंने अवैध कब्जा किया है उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाए उन्होंने किस तरीके से कब्जा किया है माननीय मुख्यमंत्री जी से यह मांग है कि आपके सहयोगी मित्र हैं उद्योगपति मित्र हैं यह मनमानी कर रहे हैं इनके ऊपर लगाम लगाइए ,जनता ही सबको बनाती है और बिगड़ती है जनता के साथ न्याय करिए , इस पूरे मामले को हमने अपने सपा जिला प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा दिया है जनता को न्याय दिला कर ही रहेंगे इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

भवदीय

मनोज यादव सहजनवॉ पूर्व प्रत्याशी सपा 324 विधानसभा सहजनवॉ गोरखपुर।

नवनिर्मित विकासखंड मुख्यालय व सभा कक्ष निर्माण में हुए घोटाले की मुख्यमंत्री से जांच करवाने की गुहार

अमित रेखा मण्डल अजय कुमार

अमानीगंज अयोध्या। एक करोड़ 26लाख 90हजार रूपये लागत से नवनिर्मित अमानीगंज विकासखंड मुख्यालय पर बने सभा कक्ष एवं नए भवन के निर्माण में घोटाले का मामला बाहर आया है वित्तीय वर्ष 2018ऋ 19 में सामुदायिक विकास योजना के अंतर्गत निर्मित इन भवनों का कार्य पूर्ण करा दिया गया है ग्राम विकास विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनिमितता बरती गई है एक ओर जहां दीवाल क्रैक हो गई हैं वहीं भवन के प्लास्टर उखड़ गए हैं खिड़कियां टूटी फूटी दिखाई दे रही हैं अमानीगंज विकासखंड के निर्विरोध ब्लाक प्रमुख व रूदौली भाजपा विधायक रामचंद्र यादव के छोटे भाई राम प्रताप यादव ने संबंधित निर्माण एजेंसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के मामले को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की जांच कराने की मांग की है मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने कहा है कि संबंधित निर्माण एजेंसी की जांच किसी दूसरे विभाग या सक्षम एजेंसी द्वारा कराई जाए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी अलग हो सके आपको बताते चलें कि अमानीगंज विकासखंड मुख्यालय पर 1करोड 26लाख 90हजार रूपयै लागत से नए विकासखंड मुख्यालय और सभा कक्ष का निर्माण कराया गया है जिसका उपभोग प्रमाणपत्र 30 जून 2020 को तत्कालीन खंड विकास अधिकारी द्वारा शासन को भेज दिया गया जिसमें इस बात को कहा गया है कि निर्माण और गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है जबकि मौके पर लगाए गए समरसेबल बिगडा खड़ा है शौचालय के लिए बनाए गए गड्ढे खुले हुए हैं लाइट और पंखे लगाए ही नहीं गएहै खिड़कियां जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं जो छूने मात्र से ही टूट सकती हैं इन भवनों में ब्लाक प्रमुख के अनुसार प्रवेश मुश्किल हो रहा है ब्लाकप्रमुख द्वारा इस मामले को उठाए जाने के बाद भ्रष्टाचार में शामिल रहे अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

दरोगा की ग्रामीणों ने विधायक से की शिकायत विधायक ने मामले का जांच कराने का दिया आश्वासन

अमित रेखा मण्डल अजय कुमार
अयोध्या कुमारगंज। अवैध असलहा की सूचना पर पुलिस निर्दोश लोगो के साथ मारपीट व गालीगलौज करने के मामले में कुमारगंज पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई है दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधायक गोरखनाथ बाबा ने एसएसपी को पत्र लिखकर जांच कराने के लिए कहा है । कुमारगंज थाना क्षेत्र के अकमा गांव में लल्लू नाई की दुकान है आरोप है कि दोपहर में हल्का दरोगा हरेकृष्ण , सिपाहियों के साथ पहुंच दुकान में अवैध असलहा होने की बात कहकर दुकानदार लल्लू के साथ मारपीट की तथा वहां बाल कटाने आए पांच लोगो को पकड़कर थाने ले आए विधायक के हस्तक्षेप के बाद सभी को छोड़ा गया । दूसरी घटना थाना क्षेत्र के बहादुरगंज चौराहे की है यहां भी हल्का दरोगा हरे कृष्ण रात को एक बजे मिठाई दुकानदार राजेंद्र मौर्या के घर में घुसकर अवैध असलहा रखे होने के शक में जमकर उत्पात मचाया दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोगों के दौड़ने पर दरोगा वहां से भाग निकले लोगों की सूचना पर विधायक अकमा बाजार पहुंचे जहां स्थानीय लोगों ने उनका घेराव कर दरोगा के करतूतों के बारे में उन्हें अवगत कराते हुए हरे कृष्ण पर कड़ी कार्यवाही कराने की बात कही जिसके बाद विधायक ने तत्काल पूरे घटनाक्रम की जानकारी एसएसपी दीपक कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कोमल प्रसाद को देते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा। वही दरोगा हरे कृष्ण से जब इस प्रकरण की जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि जिन लोगों द्वारा आरोप लगाया गया था उनसे विधायक की मौजूदगी में अकमा बाजार में बात हो गई है अब किसी प्रकार का कोई मामला नहीं है।

युवाओं ने केक काटकर मनाया नववर्ष का जशन्न

अमित रेखा–गिरजेश यादव

लक्ष्मीपुर/महराजगंज। पुरंदरपुर क्षेत्र के समरधीरा लक्ष्मीपुर बाजार पुरंदरपुर हरैया रघुवीर मोहनापुर पैसिया रानीपुर मंगरहीया बाजार अमहवा बाजार ताल्ही सहित पूरे क्षेत्र में बड़े ही धूम धाम से नववर्ष मनाया गया।युवाओं ने केक काटकर नये वर्ष का जोरदार आगाज किया।इस अवसर पर आरिफ अमहद भावी प्रधान पद प्रत्याशी बहोरपुर परशुराम चौधरी प्रदीप जयसवाल अनुराग राय संदीप साहनी शमशाद अहमद विकास शिव शंकर रूपचंद अशफाक विनय विशाल रजत मुमताज शहरे आलम अरबाज संतोष पिंटू दिनेश संगम इसराइल सोनू भैया बासकीनाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

2021/01/01 00:05

वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ नववर्ष मनाया गया नगर अध्यक्ष:राजेश जायसवाल

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। 2021 नव वर्ष के शुभ अवसर पर आज लेहरा मंदिर रोड गणेशपुर में स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम में उपस्थित होकर देवतुल्य सभी वृद्धजनों के साथ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर केक काटकर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल साथ में उप जिलाधिकारी फरेंदा राजेश कुमार जयसवाल जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह सभासद महेश लोहिया ,स्टार हॉस्पिटल प्रबंधक अरुण चतुर्वेदी मोनू पांडेय,नंदू पासवान पत्रकार प्रदीप अग्रहरि राकेश सहानी ,विनय लाल प्रबंधक प्रदीप कटियार सहायक अरुण श्रीवास्तव श्रीवास्तव आशीष जायसवाल राहुल पांडेय सुनील पांडेय कमलेश शर्मा मौजूद रहे।

गोड़रिया से नौगांवा जाने वाले मार्ग पर बभनौली के पास अनियंत्रित बाइक पोल से टकराई

अमित रेखा – अरविंद कुमार सिंह तर्कसील

जंगल नौगांवा बाजार – कुशीनगर। जनपद के थाना विशुनपुरा के गोड़रिया से नौगांवा जाने वाले मार्ग पर बभनौली के पास अनियंत्रित बाइक पोल से टकराई जिसमें 3 लोग घायल हो गए ।शुक्रवार के दिन बिशनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल नौगांवा निवासी काशी निषाद व बालुलाल निषाद पिता केदार निषाद और एक छोटी बच्ची तीनो लोग एक बाईक से कही रिस्तेदारी जा रहे थे ।तब तक मोटरसाइकिल तेज गति की रफ्तार होने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पोल में जाकर टक्करा गई ।जिसमे तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसमे काशी निषाद की हालत नाजुक बताई जा रही हैं मौके ग्रामीणों ने एमबुलेंस की फोन कर दुदही सीएचसी भर्ती कराया।

योगी सरकार में नहीं है कोई डर प्रतापगढ़ शिक्षा विभाग

ब्यूरो प्रतापगढ़। बेसिकशिक्षा विभाग प्रतापगढ़ नहीं हो रही है शिक्षामित्र अंजू सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही प्राथमिक विद्यालय श्रीनाथ पुर बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक शिक्षामित्र अंजू सिंह पुत्री चंद्र प्रताप सिंह रेगुलर उं भी किया है और रेगुलर शिक्षामित्र का कार्य किया है जिस का मानदेय ग्राम शिक्षा नीति खाता संख्या, 7520 बड़ौदा ग्रामीण बैंकके खाते से प्राप्त कर चुकी है जिसकी जानकारी विभाग में पहले दी जा चुकी है जिससे सात आठ महीने बर्खास्त हो गई थी लेकिन इनको दोबारा नियुक्त कर दिया गया जिनका प्रमाण पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी के यहां दिया गया उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई यह शिक्षा के नाम पर जालसाजी हो रही है जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पहले इनको बर्खास्त कर दिया गया था लेकिन शिक्षामित्र अंजू सिंह को दोबाराविद्यालय में बिना किसी जांच किए बगैर शिक्षामित्र अंजू सिंह को दोबारा कैसे रख लिया जो कि एक सरासर 420 और अन्याय है न रिकवरी हुई ननौकरी बर्खास्त किया गया दोबारा शिक्षामित्र के खिलाफ को सूचना देने परदोबाराकोई कार्रवाई नहीं किया गया जबकि एक ही पद शिक्षामित्र निरंतर कार्य किया और रेगुलर पढ़ाई किया जबकि कानूनन जुर्म है फिर भी शिक्षामित्र अंजू सिंह खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
मण्डल प्रभारी गोरखपुर– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।